श्रीदुर्गा-साधना

पुष्प २

सर्व-बुद्ध्यधिदेवीयमन्तर्यामि-स्वरूपिणी।
दुर्ग-सङ्कट-हर्त्रीति, देवी दुर्गेति कीर्त्यते।।

प्रकाशक : परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान
श्रीचण्डी-धाम, अलोपी-देवी मार्ग, प्रयाग-२११००६

मुम्बई-शाक्त-सम्मेलन (आठवाँ अधिवेशन)

संक्षिप्त विज्ञप्ति

भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत भाषा की रक्षा तथा संवर्धन

जगज्जननी के आशीर्वाद और **श्रीगुरु-मण्डल** की प्रेरणा से '**मुम्बई-शाक्त-सम्मेलन**' का आठवाँ अधिवेशन **बोरीवली, मुम्बई** में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में विभिन्न प्रान्तों से पधारे विद्वज्जनों ने अपनी वाणी से श्रोताओं को **भगवती की आराधना-उपासना** के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

प्रातः १० बजे **भगवती के 'पूजन-अर्चन-आरती'** एवं **परम श्रद्धेय गुरुवर पं० रमादत्त जी शुक्ल**, जिनकी प्रेरणा से **मुम्बई** सहित विभिन्न प्रान्तों में **अखिल भारतीय शाक्त-सम्मेलन** की शाखाएँ सञ्चालित हो रही हैं, के चित्र पर माल्यार्पण के उपरान्त सम्मेलन का **प्रथम सत्र** प्रारम्भ हुआ। सत्र की अध्यक्षता **श्री अय्यर जी** ने की तथा **श्री ऋतशील जी शर्मा** ने मुख्य-अतिथि के आसन को सुशोभित किया। इस अवसर पर '**मुम्बई-शाक्त-सम्मेलन**' के अध्यक्ष **पं० वेणीमाधव जी त्रिपाठी** ने **श्री ऋतशील जी शर्मा** को '**कुल-नन्दन**' की उपाधि से विभूषित करते हुए अभिनन्दन किया। तदुपरान्त '**मुम्बई-शाक्त-सम्मेलन**' के पदाधिकारियों द्वारा अन्य विद्वज्जनों का भी अभिनन्दन किया गया।

सत्र का श्रीगणेश '**श्री दुर्गा-भक्ति-मण्डल**', **मलाड, मुम्बई** के **श्री चौबे जी** एवं मित्रों द्वारा की गई **श्रीगणपति** एवं **गुरु-वन्दना** के साथ हुआ, जिसके फल-स्वरूप उपस्थित साधकों-श्रोताओं की अन्तरात्मा '**बन्दउँ ब्रह्म-रन्ध्र गुरुवर जी के चरण**' के नाद से आप्लावित हो गई। तदनन्तर **भगवती-स्वरूपा 'पञ्च कन्याओं'** द्वारा प्रस्तुत '**स्वागत गान**' अत्यन्त भाव-पूर्ण रहा। वक्ताओं के क्रम में मुझ अकिञ्चन को भी अवसर प्राप्त हुआ। मैंने सीधी-सादी बात कही कि ऐसे **सम्मेलन** में जहाँ **उच्च-कोटि की साधनात्मक चर्चा** हो, वहीं **सामान्य जनोपयोगी लघु साधनाओं**-जो सामान्य भाषा-भाषियों की रुचि एवं सामर्थ्य के अनुकूल हों पर भी प्रकाश डाला जाना उपयोगी होगा।

भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत भाषा की रक्षा तथा संवर्धन एक अन्य महत्त्व-पूर्ण बिन्दु है, जिस पर मैंने उपस्थित महानुभावों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया। मैंने सभी लोगों के सामने प्रश्न किया कि यदि हम अपनी नई पीढ़ी को केवल 'जॉनी जॉनी यस पापा' रटाकर खुश होते रहे, तो क्या हम स्वयं **संस्कृति एवं संस्कृत के पराभाव के अपराधी** नहीं होंगे? मैंने कहा मेरा ऐसा मानना है कि जो हिन्दी भी शुद्ध नहीं पढ़ सकता, वह '**स्तोत्र**'-**पाठ** या '**आवरणार्चन**' क्या कर पाएगा? अतः सभी शाक्तों से मेरी यही कर-बद्ध प्रार्थना है कि इस दिशा में सुदृढ़ प्रयास पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर किए जाएँ।

-'**कुल-वणी-रत्न' पं० महेन्द्र मिश्र**, उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय शाक्त-सम्मेलन, प्रयाग

सूचना : '**चण्डी**' पुस्तक-माला के द्वारा प्रकाशित **श्रीकमला-कल्पतरु, पुष्प (३)** एवं **ककारादि श्रीकाली-सहस्त्र-नाम (सविधि)** शीघ्र ही अलग पैकेट द्वारा भेजा जा रहा है।

‘कौल-कल्पतरु’ चण्डी की विशेष प्रस्तुति

वर्ष-७०

श्री दुर्गा-साधना

पुष्प-२

श्री दुर्गा-स्तव-मञ्जरी

आदि-सम्पादक

प्रातः-स्मरणीय ‘कुल-भूषण’ पं० रमादत्त शुक्ल

सम्पादक

ऋतशील शर्मा

*

प्रकाशक

पण्डित देवीदत्त शुक्ल स्मारक

परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान

कल्याण मन्दिर प्रकाशन

श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-राज-२११००६ ☎ ९४५०२२२७६७

Website : www.paravani.org Email : chandi_dham@rediffmail.com

अनुदान ४०/-

प्रकाशक

पण्डित देवीदत्त शुक्ल स्मारक

परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान

कल्याण मन्दिर प्रकाशन

श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-राज-२११००६ ☎ ९४५०२२२७६७

श्री दुर्गा

ॐ ह्रीं
दुं दुर्गायै
नमः

मन्त्राणां मातृका देवी, शब्दानां ज्ञान-रूपिणी।
ज्ञानानां चिन्मयातीता, शून्यानां शून्य-साक्षिणी।।
यस्याः परतरं नास्ति, सैषा दुर्गा प्रकीर्तिता।

अर्थात् दुर्गा देवी मन्त्रों की जननी और शब्दों का ज्ञान हैं।
ज्ञान में भी चेतना से आगे और
शून्यों में भी शून्य की साक्षिणी हैं।
जिनसे बढ़कर कोई नहीं है, उनका नाम दुर्गा है।

तृतीय संस्करण

वैशाख शुक्ला तृतीया, श्री परशुराम-जयन्ती, क्रोधी सं० २०६८ वि०-०५ मई, २०११

परा-वाणी प्रेस, अलोपी-देवी मार्ग, प्रयाग-राज (उ०प्र०)

अनुक्रमणिका

तामाग्नि - वर्णां तपसा ज्वलन्तीं,
वैरोचनीं कर्म - फलेषु जुष्टाम्।
दुर्गां देवीं शरणमहं प्रपद्ये।
असुरान्नाशयित्र्यै ते नमः।।

***

'श्रीदुर्गा'-नाम-माहात्म्य

* 'राष्ट्र-गुरु' परम पूज्य स्वामी जी महाराज, दतिया

■ १. 'द'-कार २. 'उ'-कार, ३. 'रेफ', ४. 'ग'-कार और ५. 'आ'-कार–इन ५ वर्णों के योग से '**मन्त्र**'-स्वरूप '**दुर्गा**'-नाम बनता है। '**दैत्यों**' के नाश के अर्थ को '**द**'-कार बतलाता है, '**उ**'-कार विघ्न का नाशक है, '**र**'-कार रोग का नाशक है, '**ग**'-कार पाप का नाशक और '**आ**'-कार भय तथा शत्रु का विनाशक है।

■ '**देव्युपनिषद्**' में कहा गया है–'**अग्नि-तत्त्व** के समान वर्ण (रङ्ग) वाली अर्थात् लाल वर्णवाली, '**तपसा**' अर्थात् अपने ज्ञान-मय रूप से प्रदीप्त, कर्म-फलार्थियों द्वारा विशेष रूप से सेवनीय **वैरोचनी** (अग्नि-तत्त्व की शक्ति) अथवा **विरोचन** द्वारा उपास्य **श्रीदुर्गा देवी** की शरण को हम प्राप्त करें, जो **असुरों का नाश** करती हैं, उन्हें हमारा नमस्कार हो।

■ '**दु+र्+गा**'–ये तीनों वर्ण **अग्नि**-वर्ण के नाम से प्रसिद्ध हैं। '**द**'-कार को **अत्रि-नेत्रज** या **अत्रीश** कहते हैं। अतः वीजाभिधान के मत से यह **आग्नेय** है। '**रेफ**'–प्रसिद्ध **अग्नि-वीज** है। '**ग**'-**कार** की संज्ञा–'**पञ्चान्तक**' है। **महा-प्रलयाग्नि** का बोधक होने से इस '**ग**'-**कार** की यह संज्ञा है। इस प्रकार '**दुर्गा**'-नाम स्पष्ट रूप से **अग्नि-वर्णा** है।

■ सर्वतोभावेन देवताओं के शरण-भाव प्राप्त होने पर **दुर्ग** नामक असुर को मारने से **श्रीदुर्गा**-नाम प्रसिद्ध हुआ है। यह '**श्रीदुर्गा सप्तशती**' में कहा गया है।

■ अविमुक्तक **काशी**-क्षेत्र में जीवों के मरने पर **भगवान् शङ्कर** पावन '**दुर्गा**'-नाम का उपदेश देकर मुक्ति प्रदान करते हैं, यह प्रसङ्ग '**महा-भागवत**' में **नारद-शङ्कर-संवाद** के रूप में कहा गया है।

■ उक्त प्रमाणों से '**दुर्गा**'-**नाम** की महत्ता अवगत होती है। '**रुद्र-यामल तन्त्र**' में भी **भगवान् शिव** ने इस नाम की महिमा बताई है।

■ '**कलि-काल**' में '**नाम**'-जप का बड़ा माहात्म्य है। '**दुर्गा**'-नाम **सर्वथा सुलभ** और **महान् फल का देनेवाला** है। इसलिए इसका स्मरण सर्वदा करना चाहिए।

***

श्रीदुर्गा-तत्त्व

* 'आम्नाय-धुरन्धर' पण्डित-प्रवर श्री हरिशास्त्री जी दाधीच

श्रीदुर्गा महा-माया हैं, इन्होंने सारे संसार को अपने में बसा रखा है। आप ही २५ और ३६ तत्त्वों की राजधानी हैं। अवतारों की उलट-फेर आपकी सीमा में हुआ करती है। आप कैसी हैं, आपका का स्वरूप कैसा है, इन बातों का पूर्ण वर्णन कोई भी नहीं कर सकता। जिस पक्षी की जितनी उड़ान होती है, वह उतना ही उड़ सकता है। इसी प्रकार जिस साधक, योगी, भक्त, महात्मा का जितना अनुभव होता है, वह उतना ही इसके विषय में कह सकता है।

हम अपने **गुरु-देव** से प्राप्त और अनुभूत सार की बात कहते हैं कि जिसे **ब्रह्म, परमात्मा, पुरुष, महेश्वर** कहा जाता है, उस **पर-तत्त्व** की विकास की सीमा इसी **श्रीदुर्गा महा-माया** के भीतर है। अर्थात् वह प्रकाशित होता है और हो सकता है, तो इसी में होता है और हो सकता है और इसके किए से ही होता है।

'ब्रह्म' साक्षात् नहीं होता है और होता है, तो इसी **श्रीदुर्गा महा-माया** के रूप में सर्व-प्रथम होता है। इसलिए यही **'ब्रह्म'** है, यही **'शक्ति'** है, यही **'माया'** है, यही **'प्रकृति'** है। यही **भगवती दश महा-विद्याओं** की और **दश** तथा **२४ अवतारों** की मूल भूमिका (कारण) है। इसे वह पावर हाउस (**शक्ति-केन्द्र**) समझिए, जहाँ से सभी प्रकाश की लाइनें शुरू होती हैं। संसार का कोई काम, कोई चिह्न, कोई विचार, कोई सङ्केत या कोई जल-स्थल-आकाश-पाताल कहीं कोई सत्ता ऐसी नहीं है, जो इससे शून्य हो।

'अथर्व' की यह श्रुति इसका कितनी सुन्दरता से वर्णन करती है। देखिए-

मन्त्राणां मातृका देवी, शब्दानां ज्ञान-रूपिणी।
ज्ञानानां चिन्मयातीता, शून्यानां शून्य-साक्षिणी।।
यस्याः परतरं नास्ति, सैषा दुर्गा प्रकीर्तिता।

उक्त उक्ति से यह स्पष्ट समझ में आता है कि जिससे पर कोई कहीं कुछ नहीं है, वह **'दुर्गा-तत्त्व'** है। **'दुर्गा'**-नाम कितना सुन्दर और सार्थक है! देखिए, **'दुर्गा'** इस नाम में **'दुर्-गा'** ऐसा विश्लेषण है। **'दुर्'**-पद से **दुःख, दुरित, दोष, दुराचार, दुराशा, दुरीहित** आदि जीवन और पुरुषार्थ-प्राप्ति के सभी विपरीत लक्ष्य लिए गए हैं। उन सबसे पार करती है, बचाती है, उद्धार करती है। उन दुःखादि को हरती है, दूर करती है, इत्यादि भावोंवाला **'दुर्गा'**-पद है।

कभी **'सूर्य'-बिम्ब** को थोड़ी देर २ से ४ मिनट दृष्टि को ठहरा कर देखिए और ध्यान दीजिए, **'सूर्य'** में तेजो-मय कुछ झिलमिलाहट होती दिखाई पड़ती है, जैसे कोई बिजली का गोला (तारों का वलय) आदि स्फुरण करता है। उसी तरह यह **ब्रह्म (पुरुष)** में विलास करती है, झिलमिलाती रहती है। इसकी स्फुरणा से ही **ब्रह्म (पुरुष)** को प्रकाश मिलता है। फिर वह जगत् को प्रकाशित करता है।

'**देव्यथर्वशीर्ष**' में '**दुर्गा**'-शब्द की निरुक्ति इस प्रकार है–

दुर्गात् सन्त्रायते यस्मात्, देवी दुर्गेति कथ्यते।
तां दुर्गां दुर्गमां देवीं, दुराचार-विघातिनीम्।।
नमामि भव-भीतोऽहं, संसारार्णव-तारिणीम्।

उक्त उक्ति के सभी अर्थ ऊपर लिखे गये हैं। '**श्रीदुर्गा**' (**महा-माया**)–'**एक**' है क्योंकि यह '**एक**' ही सर्वत्र विराजमान है। यही '**अनेक**' भी है, क्योंकि यही अनेक रूपों में अनेक आकार से प्रकाश पाती है। यही '**अजन्मा**' (**अजा**) है क्योंकि इसका जन्म कहीं नहीं मिलता है।

'**भगवद्-गीता**' की इस सूक्ति के अनुसार–'**नाहं प्रकाशः सर्वस्य, योग-माया समावृतः।**' यह **भगवान्** (**ब्रह्म**) पर छाई हुई है अर्थात् '**ब्रह्म**' इससे समावृत है, ढँका हुआ है। पाठक लोग इस श्लोक में '**समावृत**'-शब्द को जरा विचार से देखेंगे, तो बड़ा आनन्द प्राप्त होगा। इस पद का अर्थ प्रायशः सभी टीकाकारों तथा भाष्यकारों ने '**समावृतः संछन्नः**' ऐसा ही किया है, देखिए **गीता-शाङ्कर-भाष्य** और उसकी भी टीकाएँ तथा **श्रीधरी मधुसूदनी** आदि। सभी इससे ढँका हुआ वह **ब्रह्म** (**भगवान्**) है, ऐसा कहते हैं। अब सोचिए, ढँकनेवाला पदार्थ ढँके जानेवाले पदार्थ से बड़ा ही होता है, छोटा नहीं। तभी वह ढाँक सकता है किसी भी अपने से छोटे पदार्थ को। इस अर्थ में कोई भी ननु-नच नहीं चल सकती।

भगवान् श्रीकृष्ण (**परमात्मा**) स्वयं **अर्जुन** को समझा रहे हैं कि मैं सर्व-साधारण के या सभी के प्रकाश में नहीं आता हूँ क्योंकि **योग-माया** (**पर-शक्ति**) से ढँका हुआ हूँ। **योग-माया** मुझे ढाँपे रहती है, यह भावार्थ हुआ। इस अर्थ से **ब्रह्म-वेत्ताओं** (**वेदान्तियों**) का **ब्रह्म-तत्त्व** परिच्छिन्न तथा लघुता-निष्ठ बन जाता है। इस पर कभी किसी **वेदान्ती** या और **भक्त विद्वानों** ने विचार नहीं किया है, न करते हैं। करें भी क्या? कर नहीं सकते, इसे बदल नहीं सकते, यह भी तो **योग-माया** का उदाहरण है। अस्तु! यह वही **योग-माया**, जो '**ब्रह्म**' को ढाँपकर विलास करती है, **श्री श्रीदुर्गा** है। इसने अपने **पर-तत्त्व चित् -रूप** को अपने भीतर ही प्रकाशित किया है। इसी प्रकार भगवती को **चिद्विलासिनी** कहा है। **चेतना** को भी विलासित करनेवाली यह **दुर्गा** आश्रयाश्रयीभाव से **चित्** ही कहलाती है। फिर भी पूर्वोक्त **सूर्य-मण्डल** के दृष्टान्तानुसार समझ लीजिए कि तेज भी अपने विशिष्ट तेज का प्रकाशक होता है।

'**श्रीदुर्गा**' मोह को भी मोहित करती हैं, जैसा '**पर-देवी-सूक्त**' में कहा है–'**महा-मोह-मोहिनि**'। '**महा-मोह**' सांख्यवालों के अनुसार **अविद्या**-रूप **प्रकृति**-भेद-तम महा-स्तर है। इसे यह **दुर्गा** (**महा-माया**) मोहित कर देती है। अथवा, '**मुह वैचित्र्ये**' विचेत चेतना-रहित निःसार बेकार कर देती है। इसी से मोहित करना समझिए। लोक में भी मोहित होना, बेहोश करना, अचेत करना ही है। मोहनादि प्रयोग में मोहन करना, स्व-वश करना ही कहलाता है।

'**अथर्व**' की इस श्रुति में '**द्वे ब्रह्मणो वेदितव्ये**'–दो ब्रह्म–१. **निर्गुण** और २. **सगुण** वर्णित हैं। इनमें **निर्गुण ब्रह्म** वर्णनातीत है। वह **दुर्गा** (**महा-माया**) का ही परात्पर रूप है, जिसे

श्रुति '**वाङ्-मनसयोरगोचरं**' कहती है और **सगुण ब्रह्म** तो **दुर्गा (महा-माया)** ही है। **शक्ति-दर्शन** और **शक्ति-सूक्तों** में भी यही बात कही है, देखिए–'**चितिः स्वतन्त्रा विश्व-सिद्धि-हेतुः।**' अर्थात् वह **चेतना-स्वतन्त्र** है और **विश्व-निर्माण का कारण** है।

'**श्रीदुर्गा**' के मन्त्र-माहात्म्य से भी हमको हमारे **गुरु-देव** ने यही बात समझाई है कि **निर्गुण** और **स-गुण** दोनों **ब्रह्म-तत्त्वों** का प्रकाश **शक्ति-मन्त्र** से ही होता है। **निर्गुण ब्रह्म** का प्रकाश देखना है, तो '**गायत्री मन्त्र**' है। वह **शक्ति-मन्त्र** ही है और '**सगुण ब्रह्म**' का प्रकाश (रूप) देखना है, तो **दुर्गा (महा-माया)** का मन्त्र **नवार्ण मन्त्र** है। दोनों ही **शक्ति-मन्त्र** हैं।

भगवती दुर्गा ने स्वयं श्री-मुख से **गीतोपदेश** करते समय **हिमालय** को सम्बोधित करते हुए अर्थात् **हिमालय को उपदेश** के बहाने से सभी देवों को, जो उस समय उपासना के लिए आए थे, समझाया है कि 'मैं **दो भागवाली** हूँ। मेरा एक भाग **पर** और दूसरा **अपर** भाग कहलाता है। **पर-भाग–निर्गुण ब्रह्म, शुद्ध संवित्** है और **अपर भाग–माया-सम्वलित सगुण ब्रह्म** है।' देखिए '**देवी भागवत**' में **(भगवती-गीता)** सप्तम स्कन्ध–'**भाग-द्वय-वती यस्मात्, सृजामि सकल्पं जगत्।**'

भगवती दुर्गा का मुख्य मन्त्र **नवार्ण मन्त्र** है। इसमें भी **ब्रह्म-स्वरूप का सच्चिदानन्द-मय** वर्णन मिलता है। जैसे देखिए **सत् -चित् -आनन्द-मय** होने से **ब्रह्म त्रि-भागात्मक** है और ये ही तीन भाग आश्रयाश्रयि भाव से **शक्ति-ब्रह्म (दुर्गा)** के हैं। इनका वर्णन **नवार्ण मन्त्र** में यों है–पहले बीज **(ऐं)** से **चिद् -रूपा सरस्वती** का सम्बोधन समझाया है क्योंकि ज्ञान से अज्ञान दूर किया जाता है। इस कारण उक्त बीज का अर्थ–'**निर्धूत-निखिलध्वान्ते**'–किया है। दूसरे बीज **(ह्रीं)** से **सद् -रूपिणी महा-लक्ष्मी** को सम्बोधन किया है। '**ब्रह्म**' नित्य और त्रिकालाबाध्य है अर्थात् कल्पित वियदादि (आकाशादि) प्रपञ्च-निवास का अधिष्ठान है। इस कारण–'**नित्य-मुक्ते सदात्मिके**'–ऐसा दूसरे बीज का विवरण मिलता है। ऐसे ही परम उत्कृष्ट '**आनन्द**' ही परम पुरुषार्थ है, **आनन्द-रूप** ही **ब्रह्म** है। '**श्रुति**' कहती है–'**आत्मनः कामाय सर्वं प्रियं भवति**'।

'**आनन्द**'–**सर्वानुभव-वेद्य** होता है। इसमें यही उत्कर्ष होता है कि यह '**आनन्द**' स्वयं तो '**आनन्द**' है ही, परन्तु औरों के भी आनन्दार्थ ही होता है। इस कारण '**आनन्द**' ही सर्व-शेष है। यह '**आनन्द**' मानुषानन्द से लेकर शत-सहस्र-गुणाधिक '**श्रुति**' में बहु भाँति वर्णित है। उन सबमें परमातिशायी '**ब्रह्मानन्द**' है। इस कारण **आनन्द-प्रधान महाकाली-स्वरूप** का तीसरे बीज **(क्लीं)** से सम्बोधन किया। फिर '**चामुण्डा**'-शब्द मोक्ष की कारण-भूत एक निर्विकल्पक वृत्ति-विशेष का बोधक है। उस वृत्ति-विशेष से तादर्थ्य में चतुर्थी विभक्ति लगाई है। यहाँ कितने ही आचार्य तो **अखण्ड ब्रह्म-विद्या** ही '**चामुण्डा**'-शब्द का अर्थ बतलाते हैं। उनके मत का यह रहस्य है कि **दुर्गा महा-शक्ति मूल प्रकृति महा-माया** है। वह **चण्ड-मुण्ड-बध** के कारण '**चामुण्डा**'-पद-सिद्ध हुई है। '**सप्तशती**' के अनुसार–'**मया तवात्रोपहृतौ, चण्ड-मुण्डौ महा-पशू।**'

यहाँ **'पशु'**-पद से मूलाविद्या (मूल अज्ञान) तूलाविद्या (तूल अज्ञान) लेकर ही **महा-शक्ति** को **महा-विद्या** कहा है। **वेदान्त-सिद्धान्त** में भी–**'अज्ञान-नाशन-विधौ, विद्यैव तु पटीयसी।'** इसके अनुसार **महा-माया** दोनों अविद्याओं को विलीन कर देती है। जैसा **'अथर्व-श्रुति** में कहा है–**'विद्याहमविद्याहमजाहमित्यादि।**

अब रहा **'विच्चे'**-पद। इसका भावार्थ यों समझने का है–**१. चित्, २. च, ३. ई**–ये तीन भाग इसके समझिए। तीनों पद **१. चित्, २. सत्** और **३. आनन्द** के वाचक हैं। जैसे अस्य स्त्री ई। स्त्री-लिङ्ग, में **'अकारान्त'**-शब्द **'ई'**-कारान्त हो जाते हैं, जैसे दास–दासी, देव–देवी आदि। **'अ'–ब्रह्म**, यह स्त्रीत्व-निर्देश में **'ई'** हुआ, उसके सम्बोधन में ह्रस्व **'इ'** हुआ, **हे इ** अर्थात् हे **ब्रह्म-रूपिणि** (आनन्द-ब्रह्म-महिषि), यह अर्थ होगा। **'वित्'**-पद तो **ज्ञान** का वाचक है ही। **'च-कार'** भी सत् अर्थ-वाचक है। अब उक्त तीनों बीजों के साथ इन तीनों पदार्थों की योजना से यह संगृहीत होता है–**हे चिद्-रूपिणि महा-सरस्वति** और **सद्-रूपिणि महा-लक्ष्मि** और **हे आनन्द-रूपिणि महा-कालि!** आपके तत्त्व-ज्ञान-सिद्धि के लिए हम हृदय-कमल में आपका ध्यान करते हैं।

उक्त अर्थ-भावार्थ को विचार लेने से **दुर्गा–ब्रह्म-शक्ति आदि-माया** स्पष्टतः जान पड़ती हैं। **'दुर्गा'** ही **'ब्रह्म'** की प्रतिपाद्य देवता है। यही **मुक्ति** का कारण है। यही **भोग-सुख-सम्पत्** देती हैं–

ऐश्वर्यं यत्-प्रसादेन, सौभाग्यारोग्य-सम्पदः।
शत्रु-हानिः परो मोक्षः, स्तूयते सा न किं जनैः।।

अर्थात् जिसके प्रसाद (कृपा) से **ऐश्वर्य, सौभाग्य, आरोग्य, सम्पदाएँ, विजय** और **मोक्ष** तक मिलता है, उस **सर्वाराध्या भगवती दुर्गा** की स्तुति कौन नहीं करता? सभी करते हैं।

देवी भागवत में लिखा है कि जो **दुर्गा** का **आराधन** करता है (पूजता है, स्मरण करता), वह सभी प्रकार की सिद्धियाँ पाता है और आगे कोई विपत् नहीं आती। यही **बुद्धि-तत्त्व की अधिष्ठात्री** है और यही **अन्तर्यामि-स्वरूपिणी** है।

सर्व-बुद्ध्यधिदेवीयमन्तर्यामि-स्वरूपिणी। दुर्ग-सङ्कट-हर्त्रीति, देवी दुर्गेति कीर्त्यते।।

'दुर्गा'–सभी **शाक्त-शैव-वैष्णव**-मार्गियों के द्वारा आराधनीय है। इसे कौन-कौन पूजते-ध्याते हैं, यह भी देख लीजिए–

सर्वे देवा हरि - ब्रह्म, प्रमुखा मनवस्तथा।
मुनयो ज्ञान - निष्ठाश्च, योगिनश्चाश्रमास्तथा।।

***

श्रीदुर्गा आपदुद्धार-स्तोत्रम्

नमस्ते शरण्ये शिवे सानुकम्पे, नमस्ते जगद्-व्यापिके विश्व-रूपे!
नमस्ते जगद्-वन्द्य-पादारविन्दे, नमस्ते जगत्-तारिणि! त्राहि दुर्गे!।।१।।

हे शरण की देनेवाली, दया से युक्त शिवे! तुम्हें नमस्कार है। हे संसार में व्याप्त संसार-रूपिणि! तुम्हें नमस्कार है। हे संसार के पूज्य चरण-कमलवाली! तुम्हें नमस्कार है। हे संसार से मुक्त करनेवाली दुर्गे! मेरी रक्षा करो।।१।।

नमस्ते जगच्चिन्त्यमान-स्वरूपे, नमस्ते महा-योगिनि ज्ञान-रूपे!
नमस्ते नमस्ते सदानन्द-रूपे, नमस्ते जगत्-तारिणि! त्राहि दुर्गे!।।२।।

हे संसार द्वारा स्मरण किए जानेवाले स्वरूपवाली! तुम्हें नमस्कार है। हे ज्ञान-रूपा महा-योगिनी! तुम्हें नमस्कार है। हे सदैव आनन्द-मय-रूपवाली! तुम्हें नमस्कार है। हे संसार से मुक्त करनेवाली दुर्गे! मेरी रक्षा करो।।२।।

अनाथस्य दीनस्य तृष्णातुरस्य, भयार्तस्य भीतस्य बद्धस्य जन्तोः।
त्वमेका गतिर्देवि! निस्तार-कर्त्री, नमस्ते जगत्-तारिणि! त्राहि दुर्गे!।।३।।

हे देवि! अनाथ की, दीन की, प्यास से व्याकुल की, डर से घबराए हुए की, डरे हुए की, बँधे हुए प्राणी की एक-मात्र छुटकारा करानेवाली पहुँच तुम्हीं हो। हे संसार से मुक्त करनेवाली दुर्गे! मेरी रक्षा करो।।३।।

अरण्ये रणे दारुणे शत्रु-मध्येऽनले सागरे प्रान्तरे राज-गेहे।
त्वमेका गतिर्देवि! निस्तार-नौका, नमस्ते जगत्-तारिणि! त्राहि दुर्गे!।।४।।

हे देवि! घोर जङ्गल में, युद्ध में, शत्रुओं के बीच में, अग्नि में, समुद्र में, वन में, राज-दरबार में तुम्हीं पार लगानेवाली नौका के समान एक-मात्र शरण-दात्री हो। हे संसार से मुक्त करनेवाली दुर्गे! मेरी रक्षा करो।।४।।

अपारे महा-दुस्तरेऽत्यन्त-घोरे, विपत्-सागरे मज्जतां देह-भाजाम्।
त्वमेका गतिर्देवि! निस्तार-नौका, नमस्ते जगत्-तारिणि! त्राहि दुर्गे!।।५।।

हे देवि! असीम और अत्यन्त कठिन तथा बहुत ही भयानक सङ्कट-रूपी समुद्र में डूबते हुए प्राणियों की मुक्ति की कारण-रूपा एक-मात्र तुम्हीं हो। हे संसार से मुक्त करनेवाली दुर्गे! मेरी रक्षा करो।।५।।

नमश्चण्डिके! चण्ड-दुर्दण्ड-लीला, समुत्खण्डिता खण्डिताऽशेष-शत्रो!
त्वमेका गतिर्देवि! निस्तार-बीजम्, नमस्ते जगत्-तारिणि! त्राहि दुर्गे!।।६।।

हे चण्ड राक्षस की भयानक माया को नष्ट कर शत्रुओं का पूर्णतः विनाश करनेवाली चण्डिके! तुम्हें नमस्कार है। हे देवि! मुक्ति की कारण-रूपा शरण एक-मात्र तुम्हीं हो। हे संसार से मुक्त करनेवाली दुर्गे! मेरी रक्षा करो।।६।।

त्वमेवाद्य-भावा धृता सत्य-वादी:, न जाताऽजिता क्रोधनात् क्रोध-निष्ठा।
इडा पिङ्गला त्वं सुषुम्ना च नाडी, नमस्ते जगत्-तारिणि! त्राहि दुर्गे!।।७।।

तुम्हीं भावों की जननी, धीरता, सत्य-वादिता हो। तुम अजन्मा और अजेया हो। रुष्ट करने से ही क्रुद्धा होती हो। तुम्हीं इडा, पिङ्गला और सुषुम्ना नाड़ी हो। हे संसार से मुक्त करनेवाली दुर्गे! मेरी रक्षा करो।।७।।

नमो देवि दुर्गे! शिवे! भीम-नादे!, सरस्वत्यरुन्धत्यमोघ-स्वरूपे!।
विभूति: शची काल-रात्रि: सती त्वं, नमस्ते जगत्-तारिणि! त्राहि दुर्गे!।।८।।

हे घोर ध्वनि करनेवाली शिवे, हे दुर्गे! तुम्हें नमस्कार है। हे सरस्वती-अरुन्धती के अमोघ-स्वरूपवाली! तुम्हीं विभूति, इन्द्राणी, काल-रात्रि और सती हो। हे संसार से मुक्त करनेवाली दुर्गे! मेरी रक्षा करो।।८।।

शरणमसि सुराणां सिद्ध-विद्याधराणाम्, मुनि-मनुज-पशूनां दस्युभिस्त्रासितानाम्।
नृपति-गृह-गतानां व्याधिभि: पीडितानाम्, त्वमसि शरणमेका देवि दुर्गे! प्रसीद।।९।।

हे देवि! तुम देवताओं की, सिद्धों-विद्याधरों की, ऋषियों-मनुष्यों-पशुओं की, चोर-डाकुओं द्वारा पीड़ितों की, राज-दरबार में गए हुए लोगों की, रोगों से दु:खी जनों की एक-मात्र शरण हो। हे दुर्गे! तुम प्रसन्न होओ।।९।।

॥फल-श्रुति॥

इदं स्तोत्रं मया प्रोक्तमापदुद्धार-हेतुकम्।
त्रि-सन्ध्यमेक-सन्ध्यं वा, पठनाद् घोर-सङ्कटात्।।१।।
मुच्यते नात्र सन्देहो, भुवि स्वर्गे रसातले।
सर्वं वा श्लोकमेकं वा, य: पठेद् भक्ति-मान् सदा।।२।।
स सर्वं दुष्कृतं त्यक्त्वा, प्राप्नोति परमं पदम्।
पठनादस्य देवेशि! किं न सिद्ध्यति भू-तले।
स्तव-राजमिदं देवेशि! संक्षेपात् कथितं मया।।३।।

आपत्तियों से छुटकारा दिलानेवाला यह स्तोत्र मैंने कहा है। तीनों सन्ध्याओं में अथवा एक ही सन्ध्या में इसका पाठ करने से कठिन सङ्कट से वह सभी पापों से मुक्त होकर परम पद को प्राप्त करता है। हे देवेशि! इसके पाठ से पृथ्वी पर क्या सिद्ध नहीं होता? अर्थात् सभी कामनाएँ पूर्ण होती हैं। हे देवि! मैंने संक्षेप में इस स्तव-राज को कहा है।

।।श्रीसिद्धेश्वरी-तन्त्रे श्रीदुर्गा-आपदुद्धार-स्तोत्रम्।।

***

श्रीदुर्गा-स्तवः

॥पूर्व-पीठिका॥

॥श्रीवैशम्पायन उवाच॥

आर्या-स्तवं प्रवक्ष्यामि, यथोक्तमृषिभिः पुरा।
नारायणीं नमस्यामि, देवीं त्रि-भुवनेश्वरीम्॥१॥

श्रीवैशम्पायन ने कहा—प्राचीन काल में ऋषियों ने जैसा बताया है, वैसा ही आर्या-स्तव कहूँगा। तीनों लोकों की ईश्वरी नारायणी देवी को मैं नमस्कार करता हूँ॥१

मूल-पाठ

त्वं हि सिद्धिर्धृतिर्मेधा, श्रीर्विद्या सन्नतिर्मतिः।
सन्ध्या रात्रिः प्रभा निद्रा, काल-रात्रिस्तथैव च॥१॥

तुम्हीं सिद्धि, धृति, मेधा, श्री, विद्या, सन्नति, मति, सन्ध्या, रात्रि, प्रभा, निद्रा और काल-रात्रि हो॥१

आर्या कात्यायनी देवी, कौशिकी ब्रह्म-चारिणी।
जननी सिद्ध-सेनानी, उग्र-चारी महा-तपा॥२॥
जया च विजया चैव, पुष्टिश्च त्वं क्षमा दया।
ज्येष्ठा यमस्य भगिनी, नील-कौशेय-वासिनी॥३॥

आर्या, कात्यायनी, कौशिकी, ब्रह्म-चारिणी, जननी, सिद्ध-सेनानी, उग्र-चारी, महा-तपा, जया, विजया, पुष्टि, क्षमा, दया, ज्येष्ठा, यम-भगिनी और नील-कौशेय-वासिनी तुम हो॥२-३

बहु-रूपा विरूपा च, अनेक-विध-चारिणी।
विरूपाक्षी विशालाक्षी, भक्तानां परि-रक्षिणी॥४॥

विविध प्रकार के व्यवहार करनेवाली बहु-रूपा और विरूपा हो। तुम विरूपाक्षी, विशालाक्षी और भक्तों की रक्षा करनेवाली हो॥४

पर्वताग्रेषु घोरेषु, नदीषु च गृहेषु च।
वासस्तव महा-देवि!, वनेषूपवनेषु च॥५॥

हे महा-देवि! तुम्हारा निवास घोर पर्वतों की चोटी पर, नदियों में, गृहों में, वनों में और उपवनों में है॥५

शबरैर्बर्बरैश्चैव, पुलिन्दैरभि-पूजिता।
मयूर-पक्ष-ध्वजिनी, लोकान् क्रमसि सर्वशः।।६।।

शर्बरों, बर्बरों और पुलिन्दों के द्वारा पूजिता हो, **मयूर-पङ्ख की ध्वजावाली** तुम सम्पूर्ण संसार को सब प्रकार से सञ्चालित करती हो।।६

कुक्कुटैश्छागलैर्मेषैः, सिहैर्व्याघ्रैः समाकुला।
घण्टा-निनाद-बहुला, विश्रुता विन्ध्य-वासिनी।।७।।

मुर्गों, बकरों, भेड़ों, सिंहों, व्याघ्रों से घिरी हुई हो। **घण्टा की ध्वनि से युक्त** विन्ध्याचल में निवास करनेवाली प्रसिद्ध हो।।७

त्रिशूली पट्टिशी चैव, सूर्य-चन्द्र-पताकिनी।
नवमी कृष्ण-पक्षस्य, शुक्लस्यैकादशी तथा।।८।।

त्रिशूल, पट्टिश और सूर्य-चन्द्र की पताकावाली हो। **कृष्ण-पक्ष की नवमी** और **शुक्ल-पक्ष की एकादशी** तुम हो।।८

भगिनी बलदेवस्य, रजनी कलह-प्रिया।
आवासः सर्व-भूतानां, निष्ठा च परमा गतिः।।९।।

बलदेव की बहन, रजनी और **कलह-प्रिया** हो। **सब जीवों की आधार** हो और निष्ठा तथा **परम गति (मोक्ष)** की देनेवाली हो।।९

नन्द-गोप-सुता चैव, देवानां विजयावहा।
चीर-वासाः सु-वासाश्च, रात्रिः सन्ध्या त्वमेव च।।१०।।

नन्द-पुत्री और **देवताओं की विजय करनेवाली** हो। सुन्दर वस्त्र धारण करनेवाली, रात्रि और **सन्ध्या** तुम्हीं हो।।१०

प्रकीर्ण-केशी मृत्युश्च, तथा मांसौदन-प्रिया।
लक्ष्मीरलक्ष्मी-रूपेण, दानवानां वधाय च।।११।।

खुले हुए बालोंवाली, मृत्यु-स्वरूपा और मांस-प्रिया हो। **लक्ष्मी और अलक्ष्मी** रूप से तथा **राक्षसों का बध** करने के लिए तुम्हीं हो।।११

सावित्री चैव वेदानां, माता मन्त्र-गणस्य च।
अन्तर्वेदी च यज्ञानामृत्विजां चैव दक्षिणा।।१२।।

वेदों और मन्त्रों की माता **सावित्री** तुम हो। यज्ञों की **अन्तर्वेदी** और **ऋत्विजों** (हवन करानेवाले ब्राह्मणों) की **दक्षिणा** तुम्हीं हो।।१२

सिद्धि: सयान्त्रिकाणां तु, वेला त्वं सागरस्य च।
यक्षाणां प्रथमा यक्षी, नागानां सुरसेति च।।१३।।

नाविकों की सफलता और सागर का तट तुम्हीं हो। यक्षों की सर्व-प्रथम **यक्षिणी** और नागों की **सुरसा** तुम्हीं हो।।१३

कन्यानां ब्रह्म-चर्या त्वं, सौभाग्यं प्रमदासु च।
ब्रह्म-चारिण्यथो दीक्षा, शोभा च परमा तथा।।१४।।

कन्याओं की **ब्रह्म-चर्या**, स्त्रियों में **सौभाग्य-स्वरूपा**, ब्रह्मचारियों में **दीक्षा** और **परम शोभा-रूपा** तुम्हीं हो।।१४

ज्योतिषां त्वं प्रभा देवी, नक्षत्राणां च रोहिणी।
राज-द्वारेषु तीर्थेषु, नदीनां सङ्गमेषु च।।१५।।

ज्योतियों में **प्रभा** और नक्षत्रों में तुम **रोहिणी** हो। राज-द्वारों में, तीर्थों में, नदियों के सङ्गमों में तुम्हीं हो।।१५

पूर्णा च पूर्णिमा चन्द्रे, कृत्ति-वासा इति स्मृता।
सरस्वती च वाल्मीके:, स्मृतिर्द्वैपायनेस्तथा।।१६।।

पूर्णिमा के चन्द्रमा में **पूर्णता** और **कृत्ति-वासा** तुम्हीं कही गई हो। **वाल्मीकि** की **सरस्वती** और **द्वैपायन** की **स्मृति** तुम्हीं हो।।१६

कर्षकाणां च सीतेति, भूतानां धरणी तथा।
ऋषीणां धर्म-बुद्धिस्तु, देवानां मानसी तथा।।१७।।

किसानों की **सीता** और जीवों की धारण करनेवाली **पृथ्वी**, **ऋषियों** की **धर्म-बुद्धि** और **देवताओं** की **मानसी** तुम्हीं हो।।१७

सुर-देवीति भूतेषु, स्तूयसे त्वं स्व-कर्मभि:।
इन्द्रस्य चारु-दृष्टिस्त्वं, सहस्र-नयनेति च।
तापसानां च देवी त्वमरणिश्चाग्नि-होत्रिणाम्।।१८।।

अपने कामों के द्वारा तुम प्राणियों में **सुरा-देवी** के नाम से प्रार्थित हो। **इन्द्र की सुन्दर दृष्टि** और **सहस्र-नयना** तुम्हीं हो! **तपस्वियों की देवी** और **अग्नि-होत्रियों की अरणि** तुम्हीं हो।।१८

क्षुधा च सर्व-भूतानां, तृप्तिस्त्वं दैवतेषु च।
स्वाहा तृप्तिर्धृतिर्मेधा, वसूनां त्वं वसु-मती।।१९।।

सब प्राणियों की **भूख** और देवताओं में **तृप्ति-रूपा** तुम्हीं हो। **स्वाहा, तृप्ति, धृति, मेधा** और वसुओं की **वसु-मती** तुम्हीं हो।।१९

आशा च मानुषाणां तु, तुष्टिश्च कृत-कर्मणाम्।
दिशश्च विदिशश्चैव, तथा ह्यग्नि-शिखा प्रभा।।२०।।

मनुष्यों की **आशा**, कृत-कार्य लोगों की **सन्तुष्टि**, **दिशा-विदिशा** और **अग्नि-शिखा** की **प्रभा-रूपा** तुम्हीं हो।।२०

शकुनी पूतना च त्वं, रेवती वसु-दारुणा।
निद्रा च सर्व-भूतानां, मोहिनी क्षत्रिया तथा।।२१।।

शकुनी, **पूतना**, **रेवती**, **वसु-दारुणा**, सब प्राणियों की **निद्रा**, **मोहिनी** और **क्षत्रिया** तुम्हीं हो।।२१

विद्यानां ब्रह्म-विद्या च, त्वमोङ्कारो वषट् तथा।
नारीणां पार्वती च त्वं, पौराणीमृषयो विदुः।।२२।।

विद्याओं में **ब्रह्म-विद्या**, **ॐकार** और **वषट्** तुम्हीं हो। स्त्रियों में **पार्वती** हो और ऋषियों ने तुम्हें **पौराणी** कहा है।।२२

अरुन्धत्येक-भर्तृणां, प्रजा-पति-वचो यथा।
पर्याय-नामाभिर्दिव्यैरिन्द्राणी चेति विश्रुता।।२३।।

जैसा **प्रजा-पति** का वचन है, तुम पतिव्रताओं में **अरुन्धती** हो। पर्याय-वाची दिव्य नामों से तुम **इन्द्राणी** कही गई हो।।२३

त्वया व्याप्तमिदं सर्वं, जगत्-स्थावर-जङ्गमम्।
संग्रामेषु च सर्वेषु, अग्नि-प्रज्वलितेषु च।।२४।।
नदी-तीरेषु चौरेषु, कान्तारेषु भयेषु च।
प्रवासे राज-बन्धे च, शत्रूणां च प्रमर्दने।।२५।।
प्राणाद्येषु च सर्वेषु, त्वं हि रक्षा न संशयः।
त्वयि मे हृदयं देवि!, त्वयि चित्तं मनस्त्वयि।
रक्ष मां सर्व-पापेभ्यः, प्रसादं कर्तुमर्हसि।।२६।।

यह स्थावर-जङ्गम सारा संसार तुमसे ही व्याप्त है। युद्धों में, अग्नि-सङ्कट में, नदी के किनारे, चोरों के बीच, वनों में, भयों में, विदेश में, राज-बन्धन में और शत्रुओं के संहार में, सभी प्राण-सङ्कटों में तुम निस्सन्देह **रक्षा-रूपा** हो। हे देवि! तुममें मेरा मन, हृदय और चित्त लगा है। सब पापों से मेरी रक्षा करो। मुझ पर प्रसन्न होओ।।२४-२६

।।फल-श्रुति।।

इमं तव स्तवं दिव्यमिति व्यास-प्रकल्पितम्।

यः पठेत् प्रातरुत्थाय, शुचिः प्रयत-मानसः।
त्रिभिर्मासैः कांक्षितं च, फलं वै सम्प्रयच्छति।।१।।

व्यास-देव द्वारा रचित यह तुम्हारा **दिव्य-स्तोत्र** है। जो सवेरे उठकर पवित्र हो इसे ध्यान लगाकर पढ़ता है, उसे तीन महीनों में वाञ्छित फल प्रदान करती हो।।१

षड्भिर्मासैर्वरिष्ठं तु, वरमेकं प्रयच्छति।
अर्चिता नवभिर्मासैर्दिव्यं चक्षुः प्रयच्छति।।२।।

छः महीनों में एक श्रेष्ठ वर देती हो। नौ महीनों तक पूजा करने से दिव्य दृष्टि प्रदान करती हो।।२

संवत्सरेण सिद्धिं तु, यथा-कामं प्रयच्छति।
सत्यं ब्रह्म च दैवं च, द्वैपायन-वचो यथा।।३।।

एक वर्ष में यथेष्ट सिद्धि देती हो। **द्वैपायन** का जैसा वचन है, यह बात सर्वथा सत्य है।।३

नृणां बन्धं वधं घोरं, पुत्र-नाशं धन-क्षयम्।
व्याधिं मृत्यु-भयं चैव, पूजिता शमयिष्यसि।।४।।

मनुष्यों के बन्धन, वध, पुत्र-नाश, धन-नाश, रोग और मृत्यु-भय को तुम पूजित होने पर शान्त करती हो।।४

भविष्यसि महा-भागे !, वरदा काम-रूपिणी।
मोहयित्वा च तं कंसमेका त्वं भोक्ष्यसे जगत्।।५।।

हे महा-भागे ! अभीष्ट वर-दायिनी होकर तुम उस **कंस** (दुष्ट-भाव) को मुग्ध कर संसार का भोग करोगी।।५

अहमप्यात्मनो वृत्तिं, विद्यास्ये गोषु गोप-वत्।
स्व-वृद्ध्यर्थमहं चैव, करिष्ये कंस-गोपताम्।।६।।

मैं भी अपने को **कंस-कालीन गोपों** के समान गायों के बीच प्रवृत्त करूँगा। अपनी समृद्धि के लिए मैं **(कृष्णानुयायी)** गोप-वत् आचरण करूँगा।।६

एवं तु स समादिश्य, गतोऽन्तर्धानमीश्वरः।
सा चापि तं नमस्कृत्य, तथाऽस्त्विति विनिश्चिता।।७।।

ऐसा आदेश कर **ईश्वर** अन्तर्धान हो गए। उसने भी उन्हें नमस्कार कर **'एवमस्तु'** अर्थात् **'ऐसा ही हो'** कहा और अन्तर्धान हो गई।।७

।। श्रीदुर्गा-स्तवः ।।

***

दकारादि

श्रीदुर्गा द्वा-त्रिंशन्नामावली

दुर्गा[१] दुर्गार्ति - शमनी[२], दुर्गाऽऽपद् - विनिवारिणी[३]।
दुर्गमच्छेदिनी[४] दुर्ग - साधिनी[५] दुर्ग - नाशिनी[६]।।१।।

दुर्गतोद्धारिणी[७] दुर्ग - निहन्त्री[८] दुर्गमापहा[९]।
दुर्गम - ज्ञानदा[१०] दुर्ग - दैत्य - लोक - दवानला[११]।।२।।

दुर्गमा[१२] दुर्गमालोका[१३], दुर्गमाऽऽत्म - स्वरूपिणी[१४]।
दुर्ग - मार्ग - प्रदा[१५] दुर्गम - विद्या[१६] दुर्गमाश्रिता[१७]।।३।।

दुर्गम - ज्ञान - संस्थाना[१८], दुर्गम - ध्यान - भासिनी[१९]।
दुर्ग - मोहा[२०] दुर्गमगा[२१], दुर्गमार्थ - स्वरूपिणी[२२]।।४।।
दुर्गमासुर - संहन्त्री[२३], दुर्गमायुध - धारिणी[२४]।

दुर्गमाङ्गी[२५] दुर्गमता[२६], दुर्गम्या[२७] दुर्गमेश्वरी[२८]।
दुर्ग - भीमा[२९] दुर्ग - भामा[३०], दुर्गभा[३१] दुर्ग - दारिणी[३२]।।५।।

।।फल-श्रुति।।

नामावलिमिमां यस्तु, दुर्गायाः सुधी मानवः।
पठेत् सर्व - भयान्मुक्तो, भविष्यति न संशयः।।
शत्रुभिः पीड्यमानो वा, दुर्ग-बन्ध-गतोऽपि वा।
द्वा - त्रिंशन्नाम - पाठेन, मुच्यते नात्र संशयः।।

अर्थात् जो **भगवती श्रीदुर्गा के उक्त ३२ नामों का श्रद्धा-पूर्वक 'पाठ'** करता है, वह सभी प्रकार के भयों से मुक्त हो जाता है।

***

श्रीदुर्गा-सहस्त्र-नाम-स्तोत्रम्

पूर्व-पीठिका

।।श्रीशिव उवाच।।

शृणु देवि! प्रवक्ष्यामि, दुर्गा-नाम-सहस्त्रकम्।
यत्-प्रसादान्महा-देवि!, चतुर्वर्ग-फलं लभेत्।।१।।

श्री शिव ने कहा—हे देवि! सुनो, भगवती दुर्गा के सहस्त्र-नाम स्तोत्र को कहूँगा, जिसके प्रसाद से हे महा-देवि! धर्म-अर्थ-काम-मोक्षात्मक चारों वर्गों का फल साधक प्राप्त करता है।।१

पठनं श्रवणं चास्य, सर्वाशा-परि-पूरकम्।
धन-पुत्र-प्रदं चैव, बालानां शान्ति-कारकम्।।२।।

इसका पाठ करने से और इसे सुनने से सभी इच्छाओं की पूर्ति होती है। यह धन और पुत्र को देनेवाला तथा बालक के कष्टों को शान्त करनेवाला है।।२

उग्र-रोग-प्रशमनं, ग्रह-दोष-विनाशनम्।
अकाल-मृत्यु-हरणं, वाणिज्ये विजय-प्रदम्।।३।।

कठिन रोग को यह शान्त करता है, ग्रहों के दोषों को नष्ट करता है, अकाल-मृत्यु को दूर करता है और व्यापार में सफलता प्रदान करता है।।३

विवादे दुर्गमे युद्धे, नौकायां शत्रु-सङ्कटे।
राज-द्वारे महाऽरण्ये, सर्वत्र विजय-प्रदम्।।४।।

झगड़े में, कठिन युद्ध में, नौका में, शत्रु का भय होने पर, राज-दरबार में, घोर जङ्गल में-सभी स्थानों में यह विजय का दिलानेवाला है।।४

।।विनियोग।।

ॐ अस्य श्रीदुर्गा-सहस्त्र-नाम-माला-मन्त्रस्य श्रीनारद ऋषिः, गायत्री छन्दः, श्रीदुर्गा देवता, दुं वीजं, ह्रीं शक्तिः, ॐ कीलकं, श्रीदुर्गा-प्रीत्यर्थं श्रीदुर्गा-सहस्त्र-नाम-पाठे विनियोगः।

।।ऋष्यादि-न्यास।।

श्रीनारद-ऋषये नमः शिरसि। गायत्री-छन्दसे नमः मुखे। श्रीदुर्गा-देवतायै नमः हृदये। दुं बीजाय नमः गुह्ये। ह्रीं शक्तये नमः पादयोः। ॐ कीलकाय नमः नाभौ। श्रीदुर्गा-प्रीत्यर्थं श्रीदुर्गा-सहस्त्र-नाम-पाठे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।

	कर-न्यास	अङ्ग-न्यासः
ह्रां- 'ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै'	अंगुष्ठाभ्यां नमः	हृदयाय नमः
ह्रीं- 'ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै'	तर्जनीभ्यां स्वाहा	शिरसे स्वाहा
ह्रूं- 'ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै'	मध्यमाभ्यां वषट्	शिखायै वषट्
ह्रैं- 'ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै'	अनामिकाभ्यां हुम्	कवचाय हुम्
ह्रौं- 'ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै'	कनिष्ठाभ्यां वौषट्	नेत्र-त्रयाय वौषट्
ह्रः- 'ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै'	करतल-करपृष्ठाभ्यां फट्	अस्त्राय फट्

।। ध्यान।।

सिंहस्था शशि-शेखरा मरकत-प्रख्या चतुर्भिर्भुजैः,
शङ्ख-चक्र-धनुः-शरांश्च दधती नेत्रैस्त्रिभिः शोभिता।।
आमुक्ताङ्गद-हार-कङ्कण-रणत्-काञ्ची-क्वणन्-नूपुरा।
दुर्गा दुर्गति-हारिणी भवतु वो रत्नोल्लसत्-कुण्डला।।

।। मानस-पूजन।।

लं पृथिव्यात्मकं गन्धं समर्पयामि (अधो-मुख कनिष्ठा एवं अंगुष्ठ से)।
हं आकाशात्मकं पुष्पं समर्पयामि (अधो-मुख अंगुष्ठ एवं तर्जनी से)।
यं वाय्वात्मकं धूपं समर्पयामि (ऊर्ध्व-मुख तर्जनी एवं अंगुष्ठ से)।
रं वह्न्यात्मकं दीपं दर्शयामि (ऊर्ध्व-मुख मध्यमा एवं अंगुष्ठ से)।
वं अमृतात्मकं नैवेद्यं निवेदयामि (ऊर्ध्व-मुख अनामिका एवं अंगुष्ठ से)।
सं सर्वात्मकं ताम्बूलं निवेदयामि (ऊर्ध्व-मुख सर्वांगुलियों से)।

।।मूल-पाठ।।

श्रीदुर्गा[१] दुर्गति - हरा[२], परिपूर्णा[३] परात्परा[४]।
सर्वोपाधि - विनिर्मुक्ता[५], भव - भार - विनाशिनी[६]।।०१।।
कार्य - कारण - निर्मुक्ता[७], लीला - विग्रह - धारिणी[८]।
सर्व - शृङ्गार - शोभाढ्या[९], सर्वायुध - समन्विता[१०]।।०२।।
सूर्य - कोटि - सहस्राभा[११], चन्द्र - कोटि - निभानना[१२]।
गणेश - कोटि - लावण्या[१३], विष्णु - कोट्यरि - मर्दिनी[१४]।।०३।।
दावाग्नि - कोटि - नलिनी[१५], रुद्र - कोट्युग्र - रूपिणी[१६]।
समुद्र - कोटि - गम्भीरा[१७], वायु - कोटि - महा - बला[१८]।।०४।।

आकाश - कोटि - विस्तारा[१९], यम - कोटि - भयङ्करी[२०]।
मेरु - कोटि - समुच्छ्राया[२१], गण - कोटि - समृद्धिदा[२२]॥०५॥
नमस्या[२३] प्रथमा[२४] पूज्या[२५], सकला[२६] अखिलाम्बिका[२७]।
महा - प्रकृति[२८] सर्वात्मा[२९], भुक्ति - मुक्ति - प्रदायिनी[३०]॥०६॥
अजन्या[३१] जननी[३२] जन्या[३३], महा - वृषभ - वाहिनी[३४]।
कर्दमी[३५] काश्यपी[३६] पद्मा[३७], सर्व - तीर्थ - निवासिनी[३८]॥०७॥
भीमेश्वरी[३९] भीम - नादा[४०], भव - सागर - तारिणी[४१]।
सर्व - देव - शिरो - रत्न - निघृष्ट - चरणाम्बुजा[४२]॥०८॥
स्मरतां सर्व - पापघ्नी[४३], सर्व - कारण - कारणा[४४]।
सर्वार्थ - साधिका[४५] माता[४६], सर्व - मङ्गल - मङ्गला[४७]॥०९॥
पृच्छा[४८] पृश्नी[४९] महा - ज्योतिररण्या[५०-५१] वन - देवता[५२]।
भीतिर्भूतिर्मति:[५३-५५] शक्तिस्तुष्टि:[५६-५७] पुष्टिरुषा[५८-५९] धृति:[६०]॥१०॥
उत्तान - हस्ता[६१] सम्भूति:[६२], वृक्ष - वल्कल - धारिणी[६३]।
महा - प्रभा[६४] महा - चण्डी[६५], दीप्तास्या[६६] उग्र - लोचना[६७]॥११॥
महा - मेघ - प्रभा[६८] विद्या[६९], मुक्त - केशी[७०] दिगम्बरी[७१]।
हसन्मुखी[७२] साट्टहासा[७३], लोल - जिह्वा[७४] महेश्वरी[७५]॥१२॥
मुण्डाली[७६] अभया[७७] दक्षा[७८], महा - भीमा[७९] वरोद्यता[८०]।
खड्ग - मुण्ड - धरा[८१] मुक्ति:[८२], कुमुदाज्ञान - नाशिनी[८३-८४]॥१३॥
अम्बालिका[८५] महा - वीर्या[८६], सारदा[८७] कनकेश्वरी[८८]।
परमात्मा[८९] परा[९०] क्षिप्ता[९१], शूलिनी[९२] परमेश्वरी[९३]॥१४॥
महा - काल - समासक्ता[९४], शिव - शत - निनादिनी[९५]।
घोराङ्गी[९६] मुण्ड - मुकुटा[९७], श्मशानास्थि - कृताऽऽसना[९८]॥१५॥
महा - श्मशान - निलया[९९], मणि - मण्डप - मध्यगा[१००]।
पान - पात्र - धृता[१०१] खर्वा[१०२], पन्नगी[१०३] पर - देवता[१०४]॥१६॥

सुगन्धा[105] तारिणी[106] तारा[107], भवानी[108] वन - वासिनी[109]।
लम्बोदरी[110] महा - दीर्घा[111], जटिनी[112] चन्द्र - शेखरा[113] ॥१७॥
पराऽम्बा[114] परमाराध्या[115], परेशी[116] ब्रह्म - रूपिणी[117]।
देव-सेना[118] विश्व-गर्भा[119], अग्नि-जिह्वा[120] चतुर्भुजा[121] ॥१८॥
महा - दंष्ट्रा[122] महा - रात्रिः[123], नीला[124] नील - सरस्वती[125]।
दक्षजा[126] भारती[127] रम्भा[128], महा - मङ्गल - चण्डिका[129] ॥१९॥
रुद्रजा[130] कौशिकी[131] पूता[132], यम-घण्टा[133] महा - बला[134]।
कादम्बिनी[135] चिदानन्दा[136], क्षेत्रस्था[137] क्षेत्र - कर्षिणी[138] ॥२०॥
पञ्च - प्रेत - समारूढा[139], ललिता[140] त्वरिता[141] सती[142]।
भैरवी[143] रूप - सम्पन्ना[144], मदनानल - नाशिनी[145] ॥२१॥
जातापहारिणी[146] वार्त्ता[147], मातृका[148] अष्ट - मातृका[149]।
अनङ्ग - मेखला[150] षष्ठी[151], हृल्लेखा[152] पर्वतात्मजा[153] ॥२२॥
वसुन्धरा[154] धरा[155] धारा[156], विधात्री[157] विन्ध्य - वासिनी[158]।
अयोध्या[159] मथुरा[160] काञ्ची[161], महैश्वर्या[162] महोदरी[163] ॥२३॥
कोमला[164] मानदा[165] भव्या[166], मत्स्योदरी[167] महा - लया[168]।
पाशांकुश - धनुर्बाणा[169], लावण्याम्बुधि - चन्द्रिका[170] ॥२४॥
रक्त - वासा[171] रक्त - लिप्ता[172], रक्त - गन्ध - विनोदिनी[173]।
दुर्लभा[174] सुलभा[175] मत्स्या[176], माधवी[177] मण्डलेश्वरी[178] ॥२५॥
पार्वती[179] अमरी[180] अम्बा[181], महा - पातक - नाशिनी[182]।
नित्य - तृप्ता[183] निराभासा[184], अकुला[185] रोग - नाशिनी[186] ॥२६॥
कनकेशी[187] पञ्च - रूपा[188], नूपुरा[189] नील - वाहिनी[190]।
जगन्मयी[191] जगद्धात्री[192], अरुणा[193] वारुणी[194] जया[195] ॥२७॥
हिंगुला[196] कोटरा[197] सेना[198], कालिन्दी[199] सुर - पूजिता[200]।
रामेश्वरी[201] देव - गर्भा[202], त्रि - स्रोता[203] अखिलेश्वरी[204] ॥२८॥

ब्रह्माणी[२०५] वैष्णवी[२०६] रौद्री[२०७], महा - काल - मनोरमा[२०८]।
गारुडी[२०९] विमला[२१०] हंसी[२११], योगिनी[२१२] रति - सुन्दरी[२१३] ।।२९।।
कपालिनी[२१४] महा - चण्डा[२१५], विप्र - चित्ता[२१६] कुमारिका[२१७]।
ईशानी[२१८] ईश्वरी[२१९] ब्राह्मी[२२०], माहेशी[२२१] विश्व - मोहिनी[२२२] ।।३०।।
एक-वीरा[२२३] कुलानन्दा[२२४], काल - पुत्री[२२५] सदा - शिवा[२२६]।
शाकम्भरी[२२७] नील - वर्णा[२२८], महिषासुर - मर्दिनी[२२९] ।।३१।।
कामदा[२३०] कामिनी[२३१] कुल्ला[२३२], कुरु-कुल्ला[२३३] विरोधिनी[२३४]।
उग्रा[२३५] उग्र - प्रभा[२३६] दीप्ता[२३७], प्रभा[२३८] दंष्ट्रा[२३९] मनोजवा[२४०] ।।३२।।
कल्प - वृक्ष - तलासीना[२४१], श्रीनाथ - गुरु - पादुका[२४२]।
अव्याज - करुणा - मूर्त्तिरानन्द - घन - विग्रहा[२४३-४४] ।।३३।।
विश्व - रूपा[२४५] विश्व-माता[२४६], वज्रिणी[२४७] वज्र - विग्रहा[२४८]।
अनघा[२४९] शाङ्करी[२५०] दिव्या[२५१], पवित्रा[२५२] सर्व - साक्षिणी[२५३] ।।३४।।
धनुर्वाण - गदा - हस्ता[२५४], आयुधा[२५५] आयुधान्विता[२५६]।
लोकोत्तरा[२५७] पद्म - नेत्रा[२५८], योग - माया[२५९] जटेश्वरी[२६०] ।।३५।।
अनुच्चार्या[२६१] त्रिधा[२६२] दृप्ता[२६३], चिन्मयी[२६४] शिव - सुन्दरी[२६५]।
विश्वेश्वरी[२६६] महा - मेधा[२६७], उच्छिष्टा[२६८] विस्फुलिङ्गिनी[२६९] ।।३६।।
चिदम्बरी[२७०] चिदाकारा[२७१], अणिमा[२७२] नील - कुन्तला[२७३]।
दैत्येश्वरी[२७४] देव - माता[२७५], महा - देवी[२७६] कुश - प्रिया[२७७] ।।३७।।
सर्व - देव-मयी[२७८] पुष्टा[२७९], भूष्या[२८०] भूत-पति - प्रिया[२८१]।
महा - किरातिनी[२८२] साध्या[२८३], धर्मज्ञा[२८४] भीषणानना[२८५] ।।३८।।
उग्र - चण्डा[२८६] श्रीचाण्डाली[२८७], मोहिनी[२८८] चण्ड - विक्रमा[२८९]।
चिन्तनीया[२९०] महा - दीर्घा[२९१], अमृता[२९२] मृत - बान्धवी[२९३] ।।३९।।
पिनाक - धारिणी[२९४] शिप्रा[२९५], धात्री[२९६] त्रि - जगदीश्वरी[२९७]।
रक्तपा[२९८] रुधिराक्ताङ्गी[२९९], रक्त - खर्पर - धारिणी[३००] ।।४०।।

त्रिपुरा[३०१] त्रिकूटा[३०२] नित्या[३०३], श्रीनित्या[३०४] भुवनेश्वरी[३०५]।
हव्या[३०६] कव्या[३०७] लोक-गति:[३०८], गायत्री[३०९] परमा[३१०] गति:[३११] ।।४१।।
विश्व - धात्री[३१२] लोक - माता[३१३], पञ्चमी[३१४] पितृ - तृप्तिदा[३१५]।
कामेश्वरी[३१६] काम - रूपा[३१७], काम - बीजा[३१८] कलात्मिका[३१९] ।।४२।।
ताटङ्क - शोभिनी[३२०] वन्द्या[३२१], नित्य - क्लिन्ना[३२२] कुलेश्वरी[३२३]।
भुवनेशी[३२४] महा - राज्ञी[३२५], अक्षरा[३२६] अक्षरात्मिका[३२७] ।।४३।।
अनादि - बोधा[३२८] सर्वज्ञा[३२९], सर्वा[३३०] सर्व - तरा[३३१] शुभा[३३२]।
इच्छा-ज्ञान-क्रिया-शक्ति:[३३३-३५], सर्वाढ्या[३३६] शर्व-पूजिता[३३७] ।।४४।।
श्रीमहा - सुन्दरी[३३८] रम्या[३३९], राज्ञी[३४०] श्रीपरमाम्बिका[३४१]।
राज - राजेश्वरी[३४२] भद्रा[३४३], श्रीमत् - त्रिपुर - सुन्दरी[३४४] ।।४५।।
त्रि - सन्ध्या[३४५] इन्दिरा[३४६] ऐन्द्री[३४७], अजिता[३४८] अपराजिता[३४९]।
भेरुण्डा[३५०] दण्डिनी[३५१] घोरा[३५२], इन्द्राणी[३५३] च तपस्विनी[३५४] ।।४६।।
शैल - पुत्री[३५५] चण्ड - घण्टा[३५६], कूष्माण्डा[३५७] ब्रह्म - चारिणी[३५८]।
कात्यायनी[३५९] स्कन्द - माता[३६०], काल - रात्रि:[३६१] शुभङ्करी[३६२] ।।४७।।
महा-गौरा[३६३] सिद्धि-दात्री[३६४], नव-दुर्गा[३६५] नभ:-स्थिता[३६६]।
सुनन्दा[३६७] नन्दिनी[३६८] कृत्या[३६९], महा-भागा[३७०] महोज्ज्वला[३७१] ।।४८।।
महा - विद्या[३७२] ब्रह्म - विद्या[३७३], दामिनी[३७४] ताप - हारिणी[३७५]।
उत्थिता[३७६] उत्पला[३७७] बाध्या[३७८], प्रमोदा[३७९] शुभदोत्तमा[३८०] ।।४९।।
अतुल्या[३८१] अमूला[३८२] पूर्णा[३८३], हंसारूढा[३८४] हरि - प्रिया[३८५]।
सुलोचना[३८६] विरूपाक्षी[३८७], विद्युद् - गौरी[३८८] महार्हणा[३८९] ।।५०।।
काक - ध्वजा[३९०] शिवाराध्या[३९१], शूर्प - हस्ता[३९२] कृशाङ्गिनी[३९३]।
शुभ्र - केशी[३९४] कोटराक्षी[३९५], विधवा[३९६] पति - घातिनी[३९७] ।।५१।।
सर्व - सिद्धि - करी[३९८] दुष्टा[३९९], क्षुधार्त्ता[४००] शिव-भक्षिणी[४०१]।
वर्गात्मिका[४०२] त्रि - कालज्ञा[४०३], त्रि - वर्गा[४०४] त्रिदशार्चिता[४०५] ।।५२।।

श्रीमती[४०६] भोगिनी[४०७] काशी[४०८], अविमुक्ता[४०९] गयेश्वरी[४१०] ।
सिद्धाम्बिका[४११] सुवर्णाक्षी[४१२], कोलाम्बा[४१३] सिद्ध - योगिनी[४१४] ।।५३।।
देव - ज्योतिः - समुद्भूता[४१५], देव - ज्योतिः - स्वरूपिणी[४१६] ।
अच्छेद्या[४१७] अद्भुता[४१८] तीव्रा[४१९], व्रतस्था[४२०] व्रत - चारिणी[४२१] ।।५४।।
सिद्धिदा[४२२] धूमिनी[४२३] तन्वी[४२४], भ्रामरी[४२५] रक्त - दन्तिका[४२६] ।
स्वस्तिका[४२७] गगना[४२८] वाणी[४२९], जाह्नवी[४३०] भव - भामिनी[४३१] ।।५५।।
पतिव्रता[४३२] महा - मोहा[४३३], मुकुटा[४३४] मुकुटेश्वरी[४३५] ।
गुह्येश्वरी[४३६] गुह्य - माता[४३७], चण्डिका[४३८] गुह्य - कालिका[४३९] ।।५६।।
प्रसूतिराकुतिश्चित्ता[४४०-४२], चिन्ता[४४३] देवाहुतिस्त्रयी[४४४-४५] ।।५७।।
अनुमतिः[४४६] कुहू[४४७] राका[४४८], सिनीवाली[४४९] त्विषा[४५०] रसा[४५१] ।
सुवर्चा[४५२] वर्चला[४५३] शार्वी[४५४], विकेशा[४५५] कृष्ण - पिङ्गला[४५६] ।।५८।।
स्वप्नावती[४५७] चित्र - लेखा[४५८], अन्न-पूर्णा[४५९] चतुष्टया[४६०] ।
पुण्य - लभ्या[४६१] वरारोहा[४६२], श्यामाङ्गी[४६३] शशि - शेखरा[४६४] ।।५९।।
हरणी[४६५] गौतमी[४६६] मेना[४६७], यादवा[४६८] पूर्णिमा[४६९] अमा[४७०] ।
त्रिखण्डा[४७१] त्रिमुण्डा[४७२] मान्या[४७३], भूत-माता[४७४] भवेश्वरी[४७५] ।।६०।।
भोगदा[४७६] स्वर्गदा[४७७] मोक्षा[४७८], सुभगा[४७९] यज्ञ - रूपिणी[४८०] ।
अन्नदा[४८१] सर्व - सम्पत्तिः[४८२], सङ्कटा[४८३] सम्पदा[४८४] स्मृतिः[४८५] ।।६१।।
वैदूर्य - मुकुटा[४८६] मेधा[४८७], सर्व - विद्येश्वरेश्वरी[४८८] ।
ब्रह्मानन्दा[४८९] ब्रह्म-दात्री[४९०], मृडानी[४९१] कैटभेश्वरी[४९२] ।।६२।।
अरुन्धती[४९३] अक्ष-माला[४९४], अस्थिरा[४९५] ग्राम्य-देवता[४९६] ।
वर्णेश्वरी[४९७] वर्ण - माता[४९८], चिन्ता - पूर्णी[४९९] विलक्षणा[५००] ।।६३।।
त्रीक्षणा[५०१] मङ्गला[५०२] काली[५०३], वैराटी[५०४] पद्म-मालिनी[५०५] ।
अमला[५०६] विकटा[५०७] मुख्या[५०८], अविज्ञेया[५०९] स्वयम्भुवा[५१०] ।।६४।।

ऊर्ज्जा[५११] तारावती[५१२] वेला[५१३], मानवी[५१४] च चतुः - स्तनी[५१५]।
चतुर्नेत्रा[५१६] चतुर्हस्ता[५१७], चतुर्दन्ता[५१८] चतुर्मुखी[५१९]।।६५।।
शत-रूपा[५२०] बहु - रूपा[५२१], अरूपा[५२२] विश्वतोमुखी[५२३]।
गरिष्ठा[५२४] गुर्विणी[५२५] गुर्वी[५२६], व्याप्या[५२७] भौमी[५२८] च भाविनी[५२९]।।६६।।
अजाता[५३०] सुजाता[५३१] व्यक्ता[५३२], अचला[५३३] अक्षया[५३४] क्षमा[५३५]।
मारिषा[५३६] धर्मिणी[५३७] हर्षा[५३८], भूत-धात्री[५३९] च धेनुका[५४०]।।६७।।
अयोनिजा[५४१] अजा[५४२] साध्वी[५४३], शची[५४४] क्षेमा[५४५] क्षयङ्करी[५४६]।
बुद्धिर्लज्जा[५४७-४८] मही[५४९] सिद्धिः[५५०], शाक्री[५५१] शान्तिः[५५२] क्रियावती[५५३]।।६८।।
प्रज्ञा[५५४] प्रीतिः[५५५] श्रुतिः[५५६] श्रद्धा[५५७], स्वाहा[५५८] कान्तिर्वपुः स्वधा[५५९-६१]।
उन्नतिः[५६२] सन्नतिः[५६३] ख्यातिः[५६४], शुद्धिः[५६५] स्थितिर्मनस्विनी[५६६-६७]।।६९।।
उद्यमा[५६८] वीरिणी[५६९] क्षान्तिर्मार्कण्डेयी[५७०-७१] त्रयोदशी[५७२]।
प्रसिद्धा[५७३] प्रतिष्ठा[५७४] व्याप्ता[५७५], अनुसूयाऽऽकृतिर्यमा[५७६-७७]।।७०।।
महा-धीरा[५७८] महा-वीरा[५७९], भुजङ्गी[५८०] वलयाकृतिः[५८१]।
हर-सिद्धा[५८२] सिद्ध-काली[५८३], सिद्धाम्बा[५८४] सिद्ध-पूजिता[५८५]।।७१।।
परानन्दा[५८६] परा-प्रीतिः[५८७], परा-तुष्टिः[५८८] परेश्वरी[५८९]।
वक्रेश्वरी[५९०] चतुर्वक्त्रा[५९१], अनाथा[५९२] शिव-साधिका[५९३]।।७२।।
नारायणी[५९४] नाद-रूपा[५९५], नादिनी[५९६] नर्त्तकी[५९७] नटी[५९८]।
सर्व-प्रदा[५९९] पञ्च-वक्त्रा[६००], कामिला[६०१] कामिका[६०२] शिवा[६०३]।।७३।।
दुर्गमा[६०४] दुरतिक्रान्ता[६०५], दुर्ध्येया[६०६] दुष्परिग्रहा[६०७]।
दुर्जया[६०८] दानवी[६०९] देवी[६१०], दैत्यघ्नी[६११] दैत्य-तापिनी[६१२]।।७४।।
ऊर्जस्वती[६१३] महा-बुद्धिः[६१४], रटन्ती[६१५] सिद्ध-देवता[६१६]।
कीर्तिदा[६१७] प्रवरा[६१८] लभ्या[६१९], शरण्या[६२०] शिव-शोभना[६२१]।।७५।।
सन्मार्ग-दायिनी[६२२] शुद्धा[६२३], सुरसा[६२४] रक्त-चण्डिका[६२५]।
सुरूपा[६२६] द्रविणा[६२७] रक्ता[६२८], विरक्ता[६२९] ब्रह्म-वादिनी[६३०]।।७६।।

अगुणा[६३१] निर्गुणा[६३२] गुण्या[६३३], त्रिगुणा[६३४] त्रिगुणात्मिका[६३५]।
उड्डीयाना[६३६] पूर्ण-शैला[६३७], कामस्था[६३८] च जलन्धरी[६३९] ।।७७।।
श्मशान-भैरवी[६४०] काल-भैरवी[६४१] कुल-भैरवी[६४२]।
त्रिपुरा-भैरवी-देवी[६४३], भैरवी[६४४] वीर-भैरवी[६४५] ।।७८।।
श्रीमहा - भैरवी - देवी[६४६], सुखदानन्द - भैरवी[६४७]।
मुक्तिदा - भैरवी - देवी[६४८], ज्ञानदानन्द - भैरवी[६४९] ।।७९।।
दाक्षायणी[६५०] दक्ष - यज्ञ - नाशिनी[६५१] नग - नन्दिनी[६५२]।
राज - पुत्री[६५३] राज - पूज्या[६५४], भक्ति-वश्या[६५५] सनातनी[६५६] ।।८०।।
अच्युता[६५७] चर्चिका[६५८] माया[६५९], षोडशी[६६०] सुर-सुन्दरी[६६१]।
चक्रेशी[६६२] चक्रिणी[६६३] चक्रा[६६४], चक्र - राज - निवासिनी[६६५] ।।८१।।
नायिका[६६६] यक्षिणी[६६७] बोधा[६६८], बोधिनी[६६९] मुण्डकेश्वरी[६७०]।
बीज-रूपा[६७१] चन्द्र-भागा[६७२], कुमारी[६७३] कपिलेश्वरी[६७४] ।।८२।।
वृद्धाऽति-वृद्धा[६७५-७६] रसिका[६७७], रसना[६७८] पाटलेश्वरी[६७९]।
माहेश्वरी[६८०] महाऽऽनन्दा[६८१], प्रबला[६८२] अबला[६८३] बला[६८४] ।।८३।।
व्याघ्राम्बरी[६८५] महेशानी[६८६], शर्वाणी[६८७] तामसी[६८८] दया[६८९]।
धरणी[६९०] धारिणी[६९१] तृष्णा[६९२], महा-मारी[६९३] दुरत्यया[६९४] ।।८४।।
रङ्गिनी[६९५] टङ्किनी[६९६] लीला[६९७], महा-वेगा[६९८] मखेश्वरी[६९९]।
जयदा[७००] जित्वरा[७०१] जेत्री[७०२], जयश्री[७०३] जय-शालिनी[७०४] ।।८५।।
नर्मदा[७०५] यमुना[७०६] गङ्गा[७०७], वेन्वा[७०८] वेणी[७०९] दृषद्वती[७१०]।
दशार्णा[७११] अलका[७१२] सीता[७१३], तुङ्ग-भद्रा[७१४] तरङ्गिणी[७१५] ।।८६।।
मदोत्कटा[७१६] मयूराक्षी[७१७], मीनाक्षी[७१८] मणि-कुण्डला[७१९]।
सु-महा[७२०] महतां सेव्या[७२१], मायूरी[७२२] नारसिंहिका[७२३] ।।८७।।
वगला[७२४] स्तम्भिनी[७२५] पीता[७२६], पूजिता[७२७] शिव-नायिका[७२८]।
वेद-वेद्या[७२९] महा-रौद्री[७३०], वेद-बाह्या[७३१] गति-प्रदा[७३२] ।।८८।।

सर्व-शास्त्र-मयी[७३३] आर्या[७३४], अवाङ् - मनस-गोचरा[७३५]।
अग्नि-ज्वाला[७३६] महा-ज्वाला[७३७], प्रज्वाला[७३८] दीप्त-जिह्विका[७३९] ॥८९॥
रञ्जनी[७४०] रमणी[७४१] रुद्रा[७४२], रमणीया[७४३] प्रभञ्जनी[७४४]।
वरिष्ठा[७४५] विशिष्टा[७४६] शिष्टा[७४७], श्रेष्ठा[७४८] निष्ठा[७४९] कृपा-वती[७५०] ॥९०॥
ऊर्ध्व-मुखी[७५१] विशालास्या[७५२], रुद्र-भार्या[७५३] भयङ्करी[७५४]।
सिंह-पृष्ठ-समासीना[७५५], शिव - ताण्डव - दर्शिनी[७५६] ॥९१॥
हैम-वती[७५७] पद्म-गन्धा[७५८], गन्धेश्वरी[७५९] भव-प्रिया[७६०]।
अणु - रूपा[७६१] महा-सूक्ष्मा[७६२], प्रत्यक्षा[७६३] च मखान्तका[७६४] ॥९२॥
सर्व-विद्या[७६५] रक्त-नेत्रा[७६६], बहु-नेत्रा[७६७] अनेत्रका[७६८]।
विश्वम्भरा[७६९] विश्व-योनिः[७७०], सर्वाकारा[७७१] सुदर्शना[७७२] ॥९३॥
कृष्णाजिन - धरा देवी[७७३], उत्तरा[७७४] कन्द - वासिनी[७७५]।
प्रकृष्टा[७७६] प्रहृष्टा[७७७] हृष्टा[७७८], चन्द्र - सूर्याग्नि - भक्षिणी[७७९] ॥९४॥
विश्वे-देवी[७८०] महा-मुण्डा[७८१], पञ्च-मुण्डाधि-वासिनी[७८२]।
प्रसाद-सुमुखी[७८३] गूढा[७८४] सु - मुखा[७८५] सु-मुखेश्वरी[७८६] ॥९५॥
तत्-पदा[७८७] सत्-पदाऽत्यर्था[७८८-८९], प्रभा-वती[७९०] दया-वती[७९१]।
चण्ड-दुर्गा[७९२] चण्डी - देवी[७९३], वन - दुर्गा[७९४] वनेश्वरी[७९५] ॥९६॥
ध्रुवेश्वरी[७९६] ध्रुवा[७९७] ध्रौव्या[७९८], ध्रुवाराध्या[७९९] ध्रुवा-गतिः[८००]।
सच्चिदा[८०१] सच्चिदानन्दा[८०२], आपो-मयी[८०३] महा-सुखा[८०४] ॥९७॥
वागीशी[८०५] वाग्-भवाऽऽकण्ठ-वासिनी[८०६-७] वह्नि-सुन्दरी[८०८]।
गण - नाथ - प्रिया[८०९] ज्ञान-गम्या[८१०] च सर्व-लोकगा[८११] ॥९८॥
प्रीतिदा[८१२] गतिदा[८१३] प्रेया[८१४], ध्येया[८१५] ज्ञेया[८१६] भयापहा[८१७]।
श्रीकरी[८१८] श्रीधरी[८१९] सुश्री[८२०], श्रीविद्या[८२१] श्री - विभावनी[८२२] ॥९९॥

श्रीयुता[८२३] श्रीमतां सेव्या[८२४], श्रीमूर्तिः[८२५] स्त्री-स्वरूपिणी[८२६]।
अनृता[८२७] सुनृता[८२८] सेव्या[८२९], सर्व - लोकोत्तमोत्तमा[८३०] ॥१००॥
जयन्ती[८३१] चन्दना[८३२] गौरी[८३३], गर्जिनी[८३४] गगनोपमा[८३५]।
छिन्न - मस्ता[८३६] महा - मत्ता[८३७], रेणुका[८३८] वन - शङ्करी[८३९] ॥१०१॥
ग्राहिका[८४०] ग्रासिनी[८४१] देव-भूषणा[८४२] च कपर्दिनी[८४३]।
सुमतिस्तपती[८४४-८५] स्वस्था[८४६], हृदिस्था[८४७] मृग-लोचना[८४८] ॥१०२॥
मनोहरा[८४९] वज्र-देहा[८५०], कुलेशी[८५१] काम-चारिणी[८५२]।
रक्ताभा[८५३] निद्रिता[८५४] निद्रा[८५५], रक्ताङ्गी[८५६] रक्त-लोचना[८५७] ॥१०३॥
कुल-चण्डा[८५८] चण्ड-वक्त्रा[८५९], चण्डोग्रा[८६०] चण्ड-मालिनी[८६१]।
रक्त-चण्डी[८६२] रुद्र-चण्डी[८६३], चण्डाक्षी[८६४] चण्ड-नायिका[८६५] ॥१०४॥
व्याघ्रास्या[८६६] शैलजा[८६७] भाषा[८६८], वेदार्था[८६९] रण-रङ्गिणी[८७०]।
विल्व-पत्र - कृतावासा[८७१], तरुणी[८७२] शिव - मोहिनी[८७३] ॥१०५॥
स्थाणु-प्रिया[८७४] करालास्या[८७५], गुणदा[८७६] लिङ्ग-वासिनी[८७७]।
अविद्या[८७८] ममता[८७९] अज्ञा[८८०], अहन्ता[८८१] अशुभा[८८२] कृशा[८८३] ॥१०६॥
महिषघ्नी[८८४] सु-दुष्प्रेक्ष्या[८८५], तमसा[८८६] भव-मोचनी[८८७]।
पुर-हुता[८८८] सु-प्रतिष्ठा[८८९], रजनी[८९०] इष्ट-देवता[८९१] ॥१०७॥
दुःखिनी[८९२] कातरा[८९३] क्षीणा[८९४], गोमती[८९५] त्र्यम्बकेश्वरा[८९६]।
द्वारावती[८९७] अप्रमेया[८९८], अव्ययाऽमित-विक्रमा[८९९-९००] ॥१०८॥
माया-वती[९०१] कृपा-मूर्तिः[९०२], द्वारेशी[९०३] द्वार-वासिनी[९०४]।
तेजो-मयी[९०५] विश्व-कामा[९०६], मन्मथा[९०७] पुष्करावती[९०८] ॥१०९॥
चित्रा-देवी[९०९] महा-काली[९१०], काल-हन्त्री[९११] क्रिया-मयी[९१२]।
कृपा-मयी[९१३] कृपा-श्रेष्ठा[९१४], करुणा[९१५] करुणा-मयी[९१६] ॥११०॥
सुप्रभा[९१७] सुव्रता[९१८] माध्वी[९१९], मधुघ्नी[९२०] मुण्ड - मर्दिनी[९२१]।
उल्लासिनी[९२२] महोल्लासा[९२३], स्वामिनी[९२४] शर्म - दायिनी[९२५] ॥१११॥

श्रीमाता[१२६] श्रीमहा - राज्ञी[१२७], प्रसन्ना[१२८] प्रसन्नानना[१२९]।
स्व-प्रकाश[१३०] महा-भूमा[१३१], ब्रह्म-रूपा[१३२] शिवङ्करी[१३३]॥११२॥
शक्तिदा[१३४] शान्तिदा[१३५] कर्म-फलदा[१३६] श्री-प्रदायिनी[१३७]।
प्रियदा[१३८] धनदा[१३९] श्रीदा[१४०], मोक्षदा[१४१] ज्ञानदा[१४२] भवा[१४३]॥११३॥
भूमानन्द - करी[१४४] भूमा[१४५], प्रसीद - श्रुति - गोचरा[१४६]।
रक्त - चन्दन - सिक्ताङ्गी[१४७], सिन्दूराङ्कित - भालिनी[१४८]॥११४॥
स्वच्छन्द-शक्तिर्गहना[१४९-५०], प्रजा-वती[१५१] सुखावहा[१५२]।
योगेश्वरी[१५३] योगाराध्या[१५४], महा - त्रिशूल - धारिणी[१५५]॥११५॥
राज्येशी[१५६] त्रिपुरा[१५७] सिद्धा[१५८], महा-विभव-शालिनी[१५९]।
ह्रीङ्कारी[१६०] शङ्करी[१६१] सर्व-पङ्कजस्था[१६२] शत - श्रुतिः[१६३]॥११६॥
निस्तारिणी[१६४] जगन्माता[१६५], जगदम्बा[१६६] जगद्धिता[१६७]।
साष्टाङ्ग - प्रणति - प्रीता[१६८], भक्तानुग्रह - कारिणी[१६९]॥११७॥
शरणागता - दीनार्त - परित्राण - परायणा[१७०]।
निराश्रयाश्रया[१७१] दीन - तारिणी[१७२] भक्त - वत्सला[१७३]॥११८॥
दीनाम्बा[१७४] दीन - शरणा[१७५], भक्तानाम - भयङ्करी[१७६]।
कृताञ्जलि - नमस्कारा[१७७], स्वयम्भु - कुसुमार्चिता[१७८]॥११९॥
कौल-तर्पण-सम्प्रीता[१७९], स्वयं भाति[१८०] विभातिनी[१८१]।
शत - शीर्षाऽनन्त - शीर्षा[१८२-८३], श्रीकण्ठार्ध - शरीरिणी[१८४]॥१२०॥
जय - ध्वनि - प्रिया[१८५] कुल-भास्करी[१८६] कुल-साधिका[१८७]।
अभय - वरद - हस्ता[१८८], सर्वानन्दा[१८९] च संविदा[१९०]॥१२१॥
महीयसी[१९१] महा-मूर्तिः[१९२], सती राज्ञी[१९३] भयार्त्तिहा[१९४]।
ब्रह्म-मयी[१९५] विश्व - पीठा[१९६], प्रज्ञाना[१९७] महिमा - मयी[१९८]॥१२२॥
सिंहारूढा[१९९] वृषारूढा[१०००], अश्वारूढा[१००१] अधीश्वरी[१००२]।
वराभय - करा[१००३] सर्व - वरेण्या[१००४] विश्व - विक्रमा[१००५]॥१२३॥
विश्वाश्रया[१००६] महा - भूतिः[१००७], श्रीप्रज्ञादि - समन्विता[१००८]॥१२४॥

फल-श्रुति

दुर्गा-नाम-सहस्राख्यं, स्तोत्रं तन्त्रोत्तमोत्तमम्।
पठनात् श्रवणात् सद्यो, नरो मुच्येत सङ्कटात्।।१।।

उक्त 'दुर्गा सहस्र-नाम स्तोत्र' सब तन्त्रों में श्रेष्ठ है। इसको पढ़ने एवं सुनने से मनुष्य सङ्कट से तुरन्त छूट जाता है।।१

अश्वमेध-सहस्रानां, वाजपेयस्य कोटय:।
सकृत् पाठेन जायन्ते, महा-माया-प्रसादत:।।२।।

इसके एक पाठ से सहस्रों अश्वमेध और करोड़ों वाजपेय यज्ञों का फल जगदम्बा की कृपा से प्राप्त होता है।।२

य इदं पठति नित्यं, देव्यागारे कृताञ्जलि:।
किं तस्य दुर्लभं देवि!, दिवि भुवि रसातले।।३।।

जो व्यक्ति इसे प्रति-दिन देवी-मन्दिर में हाथ जोड़कर पढ़ता है, उसे हे देवि! पृथ्वी, स्वर्ग और पाताल में क्या वस्तु दुर्लभ है अर्थात् उसे सर्वत्र सब कुछ सुलभ हो जाता है।।३

स दीर्घायु: सुखी वाग्मी, निश्चितं पर्वतात्मजे!।
श्रद्धयाऽश्रद्धया वापि, दुर्गा-नाम-प्रण्सादत:।।४।।

वह व्यक्ति हे पार्वति! निश्चय ही दीर्घायु, सुखी और बोलने में प्रवीण होता है। चाहे श्रद्धा से ले या बिना श्रद्धा के दुर्गा-नाम के प्रसाद से मृत्यु-क्षय व ग्रह-शान्ति होती है।।४

य: इदं पठते नित्यं, देवी-भक्त: मुदान्वित:।
तस्य शत्रु-क्षयं याति, यदि शक्र-समो भवेत्।।५।।

देवी का जो भक्त इसे प्रति-दिन आनन्द के साथ पढ़ता है, उसके शत्रु का नाश होता है, चाहे शत्रु इन्द्र के समान ही क्यों न हो।।५

प्रति-नाम समुच्चार्य, स्रोतसि य: प्रपूजयेत्।
षण्मासाभ्यन्तरे देवि!, निर्धनी धन-वान् भवेत्।।६।।

प्रत्येक नाम का उच्चारण कर जो व्यक्ति नदी में पूजन करता है, वह यदि धन-हीन है, तो छ: मास के भीतर धनी हो जाता है।।६

वन्ध्या वा काक-वन्ध्या वा, मृत-वत्सा च याऽङ्गना।
अस्य प्रयोग-मात्रेण, बहु-पुत्र-वती भवेत्।।७।।

बन्ध्या, काक-बन्ध्या अथवा मृत-वत्सा जो स्त्री होती है, वह इसके प्रयोग मात्र से बहुत से पुत्रों की माता होती है।।७

आरोग्यार्थे शतावृत्तिः, पुत्रार्थे ह्येक-वत्सरम्।
दीप्ताग्नि-सन्निधौ पाठात्, अपापो भवति ध्रुवम्।।८।।

रोग से अच्छे होने के लिए एक सौ बार, पुत्र-प्राप्ति के लिए एक वर्ष तक और प्रदीप्त अग्नि के पास इसका पाठ करने से मनुष्य पाप-रहित होता है।।८

अष्टोत्तर-शतेनास्य, पुरश्चर्य्या विधीयते।
कलौ चतुर्गुणं प्रोक्तं, पुरश्चरण-सिद्धये।।९।।

१०८ बार के पाठ से इसका पुरश्चरण होता है। कलियुग में पुरश्चरण की सिद्धि के लिए इसका चौगुना अर्थात् **४३२ बार पाठ** करना चाहिए।।९

जवा-कमल-पुष्पं च, चम्पकं नाग-केशरम्।
कदम्बं कुसुमं चापि, प्रति-नाम्ना समर्चयेत्।।१०।।

जवा, कमल, चम्पक, नाग-केशर, कदम्ब और कुसुम पुष्पों से प्रत्येक नाम के द्वारा पूजन करे।।१०

प्रणवादि-नमोऽन्तेन, चतुर्थ्यन्तेन मन्त्र-वित्।
स्रोतसि पूजयित्वा तु, उपहारं समर्पयेत्।।११।।

आदि में **प्रणव (ॐ)**, अन्त में **'नमः'** और **चतुर्थी**-**विभक्ति** से युक्त नाम—इस प्रकार मन्त्रज्ञ प्रत्येक नाम के द्वारा नदी में पूजन कर उपहार प्रदान करे।।११

इच्छा-ज्ञान-क्रिया-सिद्धिः, निश्चितं गिरि-नन्दिनि।
देहान्ते परमं स्थानं, यत् सुरैरपि दुर्लभम्।
स यास्यति न सन्देहो, श्रीदुर्गा-नाम-कीर्त्तनात्।।१२।।

६६४ श्री चक्रायै नमः
६६५ श्री चक्र-राज-निवासिन्यै नमः
६६६ श्री नायिकायै नमः
६६७ श्री यक्षिण्यै नमः
६६८ श्री बोधायै नमः
६६९ श्री बोधिन्यै नमः
६७० श्री मुण्डकेश्वर्यै नमः
६७१ श्री बीज-रूपायै नमः

६७२ श्री चन्द्र-भागायै नमः
६७३ श्री कुमार्यै नमः
६७४ श्री कपिलेश्वर्यै नमः
६७५ श्री वृद्धायै नमः
६७६ श्री अति-वृद्धायै नमः
६७७ श्री रसिकायै नमः
६७८ श्री रसनायै नमः
६७९ श्री पाटलेश्वर्यै नमः
६८० श्री माहेश्वर्यै नमः
६८१ श्री महाऽऽनन्दायै नमः
६८२ श्री प्रबलायै नमः
६८३ श्री अबलायै नमः
६८४ श्री बलायै नमः
६८५ श्री व्याघ्राम्बर्यै नमः
६८६ श्री महेशान्यै नमः
६८७ श्री शर्वाण्यै नमः
६८८ श्री तामस्यै नमः
६८९ श्री दयायै नमः
६९० श्री धरण्यै नमः
६९१ श्री धारिण्यै नमः
६९२ श्री तृष्णायै नमः
६९३ श्री महा-मार्यै नमः
६९४ श्री दुरत्ययायै नमः
६९५ श्री रङ्गिन्यै नमः
६९६ श्री टङ्किन्यै नमः
६९७ श्री लीलायै नमः
६९८ श्री महा-वेगायै नमः
६९९ श्री मखेश्वर्यै नमः
७०० श्री जयदायै नमः
७०१ श्री जित्वरायै नमः
७०२ श्री जेत्र्यै नमः
७०३ श्री जय-श्रियै नमः
७०४ श्री जय-शालिन्यै नमः
७०५ श्री नर्मदायै नमः
७०६ श्री यमुनायै नमः
७०७ श्री गङ्गायै नमः
७०८ श्री वेन्वायै नमः
७०९ श्री वेण्यै नमः
७१० श्री दृषद्वत्यै नमः
७११ श्री दशार्णायै नमः
७१२ श्री अलकायै नमः
७१३ श्री सीतायै नमः
७१४ श्री तुङ्ग-भद्रायै नमः
७१५ श्री तरङ्गिण्यै नमः
७१६ श्री मदोत्कटायै नमः
७१७ श्री मयूराक्ष्यै नमः
७१८ श्री मीनाक्ष्यै नमः
७१९ श्री मणि-कुण्डलायै नमः
७२० श्री सु-महायै नमः
७२१ श्री महतां सेव्यायै नमः
७२२ श्री मायूर्यै नमः
७२३ श्री नारसिंहिकायै नमः
७२४ श्री वगलायै नमः
७२५ श्री स्तम्भिन्यै नमः
७२६ श्री पीतायै नमः
७२७ श्री पूजितायै नमः
७२८ श्री शिव-नायिकायै नमः
७२९ श्री वेद-वेद्यायै नमः

७३० श्री महा-रौद्रयै नमः
७३१ श्री वेद-बाह्यायै नमः
७३२ श्री गति-प्रदायै नमः
७३३ श्री सर्व-शास्त्र-मय्यै नमः
७३४ श्री आर्यायै नमः
७३५ श्री अवाङ्-मनस-गोचरायै नमः
७३६ श्री अग्नि-ज्वालायै नमः
७३७ श्री महा-ज्वालायै नमः
७३८ श्री प्रज्वालायै नमः
७३९ श्री दीप्त-जिह्विकायै नमः
७४० श्री रञ्जन्यै नमः
७४१ श्री रमण्यै नमः
७४२ श्री रुद्रायै नमः
७४३ श्री रमणीयायै नमः
७४४ श्री प्रभञ्जन्यै नमः
७४५ श्री वरिष्ठायै नमः
७४६ श्री विशिष्टायै नमः
७४७ श्री शिष्टायै नमः
७४८ श्री श्रेष्ठायै नमः
७४९ श्री निष्ठायै नमः
७५० श्री कृपा-वत्यै नमः
७५१ श्री ऊर्ध्व-मुख्यै नमः
७५२ श्री विशालास्यायै नमः
७५३ श्री रुद्र-भार्यायै नमः
७५४ श्री भयङ्कर्यै नमः
७५५ श्री सिंह-पृष्ठ-समासीनायै नमः
७५६ श्री शिव-ताण्डव-दर्शिन्यै नमः
७५७ श्री हैम-वत्यै नमः
७५८ श्री पद्म-गन्धायै नमः
७५९ श्री गन्धेश्वर्यै नमः
७६० श्री भव-प्रियायै नमः
७६१ श्री अणु-रूपायै नमः
७६२ श्री महा-सूक्ष्मायै नमः
७६३ श्री प्रत्यक्षायै नमः
७६४ श्री मखान्तकायै नमः
७६५ श्री सर्व-विद्यायै नमः
७६६ श्री रक्त-नेत्रायै नमः
७६७ श्री बहु-नेत्रायै नमः
७६८ श्री अनेत्रकायै नमः
७६९ श्री विश्वम्भरायै नमः
७७० श्री विश्व-योन्यै नमः
७७१ श्री सर्वाकारायै नमः
७७२ श्री सुदर्शनायै नमः
७७३ श्री कृष्णाजिन-धरा-देव्यै नमः
७७४ श्री उत्तरायै नमः
७७५ श्री कन्द-वासिन्यै नमः
७७६ श्री प्रकृष्टायै नमः
७७७ श्री प्रहृष्टायै नमः
७७८ श्री हृष्टायै नमः
७७९ श्री चन्द्र-सूर्याग्नि-भक्षिण्यै नमः
७८० श्री विश्वे-देव्यै नमः
७८१ श्री महा-मुण्डायै नमः
७८२ श्री पञ्च-मुण्डाधि-वासिन्यै नमः
७८३ श्री प्रसाद-सुमुख्यै नमः
७८४ श्री गूढायै नमः
७८५ श्री सु-मुखायै नमः
७८६ श्री सु-मुखेश्वर्यै नमः
७८७ श्री तत्-पदायै नमः

७८८ श्री सत्-पदायै नमः
७८९ श्री अत्यर्थायै नमः
७९० श्री प्रभावत्यै नमः
७९१ श्री दयावत्यै नमः
७९२ श्री चण्ड-दुर्गायै नमः
७९३ श्री चण्डी-देव्यै नमः
७९४ श्री वन-दुर्गायै नमः
७९५ श्री वनेश्वर्यै नमः
७९६ श्री ध्रुवेश्वर्यै नमः
७९७ श्री ध्रुवायै नमः
७९८ श्री ध्रौव्यायै नमः
७९९ श्री ध्रुवाराध्यायै नमः
८०० श्री ध्रुवा-गत्यै नमः
८०१ श्री सच्चिदायै नमः
८०२ श्री सच्चिदानन्दायै नमः
८०३ श्री आपो-मय्यै नमः
८०४ श्री महा-सुखायै नमः
८०५ श्री वागीश्यै नमः
८०६ श्री वाग्-भवायै नमः
८०७ श्री आकण्ठ-वासिन्यै नमः
८०८ श्री वह्नि-सुन्दर्यै नमः
८०९ श्री गण-नाथ-प्रियायै नमः
८१० श्री ज्ञान-गम्यायै नमः
८११ श्री सर्व-लोकगायै नमः
८१२ श्री प्रीतिदायै नमः
८१३ श्री गतिदायै नमः
८१४ श्री प्रेयायै नमः
८१५ श्री ध्येयायै नमः
८१६ श्री ज्ञेयायै नमः
८१७ श्री भयापहायै नमः
८१८ श्री श्रीकर्यै नमः
८१९ श्री श्रीधर्यै नमः
८२० श्री सुश्रियै नमः
८२१ श्री श्रीविद्यायै नमः
८२२ श्री श्रीविभावन्यै नमः
८२३ श्री श्रीयुतायै नमः
८२४ श्री श्रीमतां सेव्यायै नमः
८२५ श्री श्रीमूर्त्यै नमः
८२६ श्री स्त्री-स्वरूपिण्यै नमः
८२७ श्री अनृतायै नमः
८२८ श्री सुनृतायै नमः
८२९ श्री सेव्यायै नमः
८३० श्री सर्व-लोकोत्तमोत्तमायै नमः
८३१ श्री जयन्त्यै नमः
८३२ श्री चन्दनायै नमः
८३३ श्री गौर्यै नमः
८३४ श्री गर्जिन्यै नमः
८३५ श्री गगनोपमायै नमः
८३६ श्री छिन्न-मस्तायै नमः
८३७ श्री महा-मत्तायै नमः
८३८ श्री रेणुकायै नमः
८३९ श्री वन-शङ्कर्यै नमः
८४० श्री ग्राहिकायै नमः
८४१ श्री ग्रासिन्यै नमः
८४२ श्री देव-भूषणायै नमः
८४३ श्री कपर्दिन्यै नमः
८४४ श्री सुमत्यै नमः
८४५ श्री तपत्यै नमः

८४६ श्री स्वस्थायै नमः
८४७ श्री हृदिस्थायै नमः
८४८ श्री मृग-लोचनायै नमः
८४९ श्री मनोहरायै नमः
८५० श्री वज्र-देहायै नमः
८५१ श्री कुलेश्यै नमः
८५२ काम-चारिण्यै नमः
८५३ श्री रक्ताभायै नमः
८५४ श्री निद्रितायै नमः
८५५ श्री निद्रायै नमः
८५६ श्री रक्ताङ्ग्यै नमः
८५७ श्री रक्त-लोचनायै नमः
८५८ श्री कुल-चण्डायै नमः
८५९ श्री चण्ड-वक्त्रायै नमः
८६० श्री चण्डोग्रायै नमः
८६१ श्री चण्ड-मालिन्यै नमः
८६२ श्री रक्त-चण्ड्यै नमः
८६३ श्री रुद्र-चण्ड्यै नमः
८६४ श्री चण्डाक्ष्यै नमः
८६५ श्री चण्ड-नायिकायै नमः
८६६ श्री व्याघ्रास्यायै नमः
८६७ श्री शैलजायै नमः
८६८ श्री भाषायै नमः
८६९ श्री वेदार्थायै नमः
८७० श्री रण-रङ्गिण्यै नमः
८७१ श्री विल्व-पत्र-कृतावासायै नमः
८७२ श्री तरुण्यै नमः
८७३ श्री शिव-मोहिन्यै नमः
८७४ श्री स्थाणु-प्रियायै नमः
८७५ श्री करालास्यायै नमः
८७६ श्री गुणदायै नमः
८७७ श्री लिङ्ग-वासिन्यै नमः
८७८ श्री अविद्यायै नमः
८७९ श्री ममतायै नमः
८८० श्री अज्ञायै नमः
८८१ श्री अहन्तायै नमः
८८२ श्री अशुभायै नमः
८८३ श्री कृशायै नमः
८८४ श्री महिषघ्न्यै नमः
८८५ श्री सु-दुष्प्रेक्ष्यायै नमः
८८६ श्री तमसायै नमः
८८७ श्री भव-मोचन्यै नमः
८८८ श्री पुर-हुतायै नमः
८८९ श्री सु-प्रतिष्ठायै नमः
८९० श्री रजन्यै नमः
८९१ श्री इष्ट-देवतायै नमः
८९२ श्री दुःखिन्यै नमः
८९३ श्री कातरायै नमः
८९४ श्री क्षीणायै नमः
८९५ श्री गोमत्यै नमः
८९६ श्री त्र्यम्बकेश्वरायै नमः
८९७ श्री द्वारावत्यै नमः
८९८ श्री अप्रमेयायै नमः
८९९ श्री अव्ययायै नमः
९०० श्री अमित-विक्रमायै नमः
९०१ श्री मायावत्यै नमः
९०२ श्री कृपा-मूर्त्यै नमः
९०३ श्री द्वारेश्यै नमः

९०४ श्री द्वार-वासिन्यै नमः
९०५ श्री तेजो-मय्यै नमः
९०६ श्री विश्व-कामायै नमः
९०७ श्री मन्मथायै नमः
९०८ श्री पुष्करावत्यै नमः
९०९ श्री चित्रा-देव्यै नमः
९१० श्री महा-काल्यै नमः
९११ श्री काल-हन्त्र्यै नमः
९१२ श्री क्रिया-मय्यै नमः
९१३ श्री कृपा-मय्यै नमः
९१४ श्री कृपा-श्रेष्ठायै नमः
९१५ श्री करुणायै नमः
९१६ श्री करुणा-मय्यै नमः
९१७ श्री सुप्रभायै नमः
९१८ श्री सुव्रतायै नमः
९१९ श्री माध्व्यै नमः
९२० श्री मधुघ्न्यै नमः
९२१ श्री मुण्ड-मर्दिन्यै नमः
९२२ श्री उल्लासिन्यै नमः
९२३ श्री महोल्लासायै नमः
९२४ श्री स्वामिन्यै नमः
९२५ श्री शर्म-दायिन्यै नमः
९२६ श्री श्रीमात्रे नमः
९२७ श्री श्रीमहा-राज्यै नमः
९२८ श्री प्रसन्नायै नमः
९२९ श्री प्रसन्नाननायै नमः
९३० श्री स्व-प्रकाशायै नमः
९३१ श्री महा-भूमायै नमः
९३२ श्री ब्रह्म-रूपायै नमः
९३३ श्री शिवङ्कर्यै नमः
९३४ श्री शक्तिदायै नमः
९३५ श्री शान्तिदायै नमः
९३६ श्री कर्म-फलदायै नमः
९३७ श्री श्री-प्रदायिन्यै नमः
९३८ श्री प्रियदायै नमः
९३९ श्री धनदायै नमः
९४० श्री श्री-दायै नमः
९४१ श्री मोक्षदायै नमः
९४२ श्री ज्ञानदायै नमः
९४३ श्री भवायै नमः
९४४ श्री भूमानन्द-कर्यै नमः
९४५ श्री भूमायै नमः
९४६ श्री प्रसीद-श्रुति-गोचरायै नमः
९४७ श्री रक्त-चन्दन-सिक्ताङ्ग्यै नमः
९४८ श्री सिन्दूराङ्कित-भालिन्यै नमः
९४९ श्री स्वच्छन्द-शक्त्यै नमः
९५० श्री गहनायै नमः
९५१ श्री प्रजावत्यै नमः
९५२ श्री सुखावहायै नमः
९५३ श्री योगेश्वर्यै नमः
९५४ श्री योगराध्यायै नमः
९५५ श्री महा-त्रिशूल-धारिण्यै नमः
९५६ श्री राज्येश्यै नमः
९५७ श्री त्रिपुरायै नमः
९५८ श्री सिद्धायै नमः
९५९ श्री महा-विभव-शालिन्यै नमः
९६० श्री ह्रीङ्कार्यै नमः
९६१ श्री शङ्कर्यै नमः

९६२ श्री सर्व-पङ्कजस्थायै नमः
९६३ श्री शत-श्रुत्यै नमः
९६४ श्री निस्तारिण्यै नमः
९६५ श्री जगन्मात्रे नमः
९६६ श्री जगदम्बायै नमः
९६७ श्री जगद्धितायै नमः
९६८ श्री साष्टाङ्ग-प्रणति-प्रीतायै नमः
९६९ श्री भक्तानुग्रह-कारिण्यै नमः
९७० श्री शरणागता-दीनार्त-
परित्राण-परायणायै नमः
९७१ श्री निराश्रयाश्रयायै नमः
९७२ श्री दीन-तारिण्यै नमः
९७३ श्री भक्त-वत्सलायै नमः
९७४ श्री दीनाम्बायै नमः
९७५ श्री दीन-शरणायै नमः
९७६ श्री भक्तानाम-भयङ्कर्यै नमः
९७७ श्री कृताञ्जलि-नमस्कारायै नमः
९७८ श्री स्वयम्भु - कुसुमार्चितायै नमः
९७९ श्री कौल-तर्पण-सम्प्रीतायै नमः
९८० श्री स्वयम्भात्यै नमः
९८१ श्री विभातिन्यै नमः
९८२ श्री शत-शीर्षायै नमः
९८३ श्री अनन्त-शीर्षायै नमः
९८४ श्री श्रीकण्ठार्ध-शरीरिण्यै नमः
०९८५ श्री जय-ध्वनि-प्रियायै नमः
०९८६ श्री कुल-भास्कर्यै नमः
०९८७ श्री कुल-साधिकायै नमः
०९८८ श्री अभय-वरद-हस्तायै नमः
०९८९ श्री सर्वानन्दायै नमः
०९९० श्री संविदायै नमः
०९९१ श्री महीयस्यै नमः
०९९२ श्री महा-मूर्त्यै नमः
०९९३ श्री सती-राज्ञ्यै नमः
०९९४ श्री भयार्त्तिहायै नमः
०९९५ श्री ब्रह्म-मय्यै नमः
०९९६ श्री विश्व-पीठायै नमः
०९९७ श्री प्रज्ञानायै नमः
०९९८ श्री महिमा-मय्यै नमः
०९९९ श्री सिंहारूढायै नमः
१००० श्री वृषारूढायै नमः
१००१ श्री अश्वारूढायै नमः
१००२ श्री अधीश्वर्यै नमः
१००३ श्री वराभय-करायै नमः
१००४ श्री सर्व-वरेण्यायै नमः
१००५ श्री विश्व-विक्रमायै नमः
१००६ श्री विश्वाश्रयायै नमः
१००७ श्री महा-भूत्यै नमः
१००८ श्री श्री-प्रज्ञादि-समन्वितायै नमः

***

श्रीदुर्गा-स्तोत्र-राजम्

पूर्व-पीठिका

।।श्रीभैरव उवाच।।

अधुना देवि! वक्ष्यामि, दुर्गा-स्तोत्रं मनोहरम्।
मूल-मन्त्र-मयं दिव्यं, सर्व-सारस्वत-प्रदम्।।१।।

श्रीभैरव ने कहा–हे देवि! अब **मनोहर दुर्गा-स्तोत्र** को कहूँगा, जो **मूल-मन्त्र से युक्त है, दिव्य है और सभी ज्ञानों का देनेवाला** है।।१

दुर्गार्ति-शमनं पुण्यं, साधकानां जय-प्रदम्।
दुर्गाया अङ्ग-भूतं तु, स्तोत्र-राजं परात् परम्।।२।।

कठिन व्याकुलता को शान्त करनेवाला, **पवित्र**, साधकों को विजय दिलानेवाला और **भगवती दुर्गा का अङ्ग-स्वरूप** यह स्तोत्र-राज श्रेष्ठ से भी श्रेष्ठ है।।२

श्रीदुर्गा-स्तोत्र-राजस्य, ऋषिर्देवो महेश्वरः।
छन्दोऽनुष्टुप् देवता च, श्रीदुर्गाऽष्टाक्षरा शिवे !।।३।।

हे शिवे! 'श्रीदुर्गा-स्तोत्र-राज' के ऋषि भगवान् महेश्वर, छन्द अनुष्टुप् और **देवता अष्टाक्षरा श्री दुर्गा** हैं।।३

* **'अष्टाक्षरा'**–श्रीदुर्गा का आठ अक्षरोंवाला मन्त्र : **'ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै नमः।'**

दुं वीजं च परा शक्तिः, नमः कीलकमीश्वरि!।
धर्मार्थ-काम-मोक्षार्थे, दुर्गा-स्तोत्र-पाठे विनियोगः।।४।।

हे ईश्वरि! श्रीदुर्गा-स्तोत्र के पाठ में वीज **'दुं'**, शक्ति परा **(ह्रीं)**, कीलक **'नमः'** और विनियोग **'धर्मार्थ-काम-मोक्ष के लिए'** है।।४

विनियोग : ॐ अस्य श्रीदुर्गा-स्तोत्र-राजस्य श्री भगवान् महेश्वर ऋषिः। अनुष्टुप् छन्दः। श्रीदुर्गा देवता। दुं वीजं। ह्रीं शक्तिः। नमः कीलकं। धर्मार्थ-काम-मोक्षार्थे पाठे विनियोगः।

ऋष्यादि-न्यास : श्री भगवान् महेश्वर-ऋषये नमः शिरसि। अनुष्टुप्-छन्दसे नमः मुखे। श्रीदुर्गा-देवतायै नमः हृदि। दुं वीजाय नमः गुह्ये। ह्रीं शक्तये नमः नाभौ। नमः कीलकाय नमः पादयोः। धर्मार्थ-काम-मोक्षार्थे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।

ध्यान– दूर्वा-निभां त्रि-नयनां, विलसत् किरीटाम्,
शङ्खाब्ज-खड्ग-शर-खेटक-शूल-चापान्।
सन्तर्जनीं च दधतीं, महिषासनस्थाम्,
दुर्गां नवार-कुल-पीठ-गतां भजेऽहम्।।५।।

मैं दूब के समान **श्याम-वर्णा, तीन नेत्रवाली, मुकुट से सुशोभिता, शङ्ख-कमल-खड्ग-वाण-खेटक-शूल-धनुष** और **तर्जनी** धारण किए हुई, **महिषासन** पर विराजमाना, नवार-कुल-पीठ पर स्थिता **दुर्गा** का भजन करता हूँ।

।।मूल-पाठ।।

तारं हारं मन्त्र-माला-सु-वीजम्, ध्यायेदन्तर्यो बलं बाल-कान्तः।
तस्यं स्मारं स्मारमंघ्रि-द्वयींद्राग्, रम्भाऽऽयाति स्वर्गता काम-वश्या।।१।।

जो **प्रणव (ॐ)** एवं सुन्दर वीजों से युक्त **मन्त्र-माला** का अपने हृदय में ध्यान करता है, उसके चरण-युगलों का स्मरण कर **रम्भा** भी तुरन्त वशीभूत होकर स्वर्ग से आती है।।१

मायां जपेद् यस्तव मन्त्र - मध्ये, दुर्गे! सदा दुर्गति - खेद - खिन्नः।
भवेत् स भूमौ नृप-मौलि-माला, माणिक्य-निर्घृष्ट-पदारविन्दः।।२।।

हे दुर्गे! दुर्दशा के दुःख से दुःखी जो मनुष्य तुम्हारे मन्त्र के बीच में **'माया' (ह्रीं)** का जप करता है, वह पृथ्वी पर इतना प्रतापी होता है कि उसके चरण-कमलों पर श्रेष्ठ राजा-गण अपने मणि-मुक्ता से शोभायमान मस्तकों को रखकर उसे प्रणाम करते हैं।।२

चाक्रिकं यदि जपेत् तवाम्बिके, चक्र - मध्य - गत ईश्वरेश्वरि!।
साधको भवति चक्र - वर्तिनाम्, नायको नय - विलास - कोविदः।।३।।

हे ईश्वर की स्वामिनी अम्बिके! चक्रार्चन के बीच यदि कोई साधक तुम्हारे **चाक्रिक (चक्री-क्लीं)** का जप करे, तो वह न्याय-शास्त्र में प्रवीण होकर चक्र-वर्ती राजाओं का नेता होता है।।३

चक्रि - वीजमपरं स्मरेच्छिवे, योऽरि - वर्ग - विहिताहित - व्यथः।
आजि - मण्डल - गतो जपेद् रिपून्, वाजि - वारण - रथाश्रितो नरः।।४।।

हे शिवे! शत्रु-वर्ग से पीड़ित जो व्यक्ति तुम्हारे दूसरे **चक्रि-वीज (दु)** का **स्मरण** करता है, वह रण-क्षेत्र में जाकर घोड़े, हाथी और रथ पर सवार होकर **शत्रुओं** पर विजय प्राप्त करता है।।४

दूर्वा-वीजं यो जपेत् प्रेत-भूमौ, सायं माया-भस्मना लिप्त-कायः।
गीर्वाणानां नायको देव-मन्त्री, भुक्त्वा राज्यं प्राज्य-प्राज्यं करोति।।५।।

जो सायं-काल **माया-भस्म** (माया-वीज **(ह्रीं)** से अभिमन्त्रित भस्म) को अपने शरीर में लेपकर श्मशान-भूमि में **दूर्वा-वीज (दु)** का जप करता है, वह देवताओं का नेता होकर राज्य-भोग कर अत्यधिक यज्ञ करता है।।५

वायव्य-वीजं यदि साधको जपेत्, प्रिया-कुच-द्वन्द्व-विमर्दन-क्षमः।
समस्त-कान्ता-जन-नेत्र-वागुरैः, विलास-हंसो भविता स पार्वति!।।६।।

यदि साधक '**वायव्य-वीज**' (ह्रीं) का जप करता है, तो उसमें असीम पुरुषत्व आता है और **हे पार्वति!** वह समस्त रमणियों के कटाक्ष का पात्र बनता है।।६

विश्व विश्वेश्वरि! यदि जपेत् काम-वेला-कलार्तो,
रात्रौ मात्राक्षर-विलसित-न्यास ईशानि मातः!।
तस्य स्मेरानन-सरसिज-भ्राजमानाङ्ग-लक्ष्मीः,
वश्याऽवश्यं सुर-पुर-वधू-मौलि-मालोर्वशी सा।।७।।

हे विश्वेश्वरि! हे ईशानि मातः! यदि काम-वेला की कला से व्याकुल व्यक्ति रात्रि में मात्राक्षर-न्यास से सुशोभित होकर '**विश्व-वीज**' (ॐ) का जप करे, तो उसका प्रसन्न-मुख कमल के समान शोभायमान होता है और देव-लोक की स्त्रियों में श्रेष्ठ उर्वशी अवश्य ही उसके शरीर की शोभा के वशीभूत होती है।।७

भू-गेहाञ्चित-सत्-त्रिवृत्त-विलसन्नागार-वृत्ताञ्चित–
व्यग्रारोल्लसिताग्नि-कोण-विलसच्छ्रीविन्दु-पीठ-स्थिताम्।
ध्यायेच्चेतसि शर्व-पत्नि! भवतीं माध्वी-रसाघूर्णिताम्,
यो मन्त्री स भविष्यति स्मर-समः स्त्रीणां धरण्यां दिवि।।८।।

भू-पुर से सुशोभित, त्रि-वृत्तों से सज्जित, **आगार-वृत्त** से शोभित, व्यग्रार से उल्लसित, **अग्नि-कोण** में शोभायमान **श्री विन्दु-पीठ** में विराजमान, माध्वीक रस से मत्त तुम्हारे स्वरूप को **हे शिव-पत्नि!** जो मान्त्रिक अपने मन में ध्यान करता है, वह पृथ्वी तथा स्वर्ग-लोक में स्त्रियों के बीच **काम-देव** के समान शोभित होता है।।८

।।फल-श्रुति।।

दुर्गा-स्तवं मनु-मयं मनु-राज-मौलिर्माणिक्यमुत्तम-शिवाङ्ग-रहस्य-भूतम्।
प्रातः पठेद् यदि जपावसरेऽर्चनायाम्, भूमौ भवेत् स नृपतिर्दिवि देव-नाथः॥१॥

उक्त '**दुर्गा-स्तव**' मन्त्र-मय और मन्त्र-राजों में श्रेष्ठ है। **भगवती शिवा** के रहस्य-पूर्ण अङ्ग के समान उत्तम है। यदि **प्रातः-काल पूजन** में जप के अवसर पर इसका पाठ करे, तो वह पृथ्वी पर राजा और स्वर्ग में इन्द्र होता है।।१

इति स्तोत्रं महा-पुण्यं, पञ्चाङ्गैक-शिरो-मणिम्।
यः पठेदर्ध-रात्रे तु, तस्य वश्यं जगत्-त्रयम्।।२।।

यह **स्तोत्र** अत्यन्त पुण्य-दायक और पञ्चाङ्ग में श्रेष्ठ है। जो इसे **अर्ध-रात्रि** में पढ़ता है, उसके वश में तीनों लोक होते हैं।।२

***

श्रीदुर्गा षोडश-नाम-स्तोत्रम्

षोडश नामों का वर्णन

।।श्री नारद उवाच।।

सर्वाख्यानं श्रुतं ब्रह्मन्!, अतीव-परमाद्भुतम्।
अधुना श्रोतुमिच्छामि, दुर्गोपाख्यानमुत्तमम् ।।१।।

श्रीनारद ने कहा–हे ब्रह्मन्!, अत्यन्त ही विलक्षण सारे कथानक को मैंने सुना। अब मैं दुर्गा का उपाख्यान सुनना चाहता हूँ।।१

दुर्गा नारायणीशाना, विष्णु-माया शिवा सती।
नित्या सत्या भगवती, शर्वाणी सर्व-मङ्गला।।२।।
अम्बिका वैष्णवी गौरी, पार्वती च सनातनी।
नामानि कौथुमोक्तानि, शुभानि शुभदानि च।।३।।

१ दुर्गा, २ नारायणी, ३ ईशाना, ४ विष्णु-माया, ५ शिवा, ६ सती, ७ नित्या, ८ सत्या, ९ भगवती, १० शर्वाणी, ११ सर्व-मङ्गला, १२ अम्बिका, १३ वैष्णवी, १४ गौरी, १५ पार्वती और १६ सनातनी–ये सोलह कल्याण-कारी पवित्र नाम कहे गए हैं।।२-३

अर्थं षोडश-नाम्नां च, सर्वेषामीप्सित-प्रदम्।
ब्रूहि वेद-विदां श्रेष्ठ!, वेदोक्तं सर्व-सम्मतम्।।४।।

सबकी मनो-कामनाओं की पूर्ति करनेवाले षोडश-नामों का अर्थ कहिए, जो हे श्रेष्ठ वेदज्ञ! वेद में सर्व-स्वीकृत रूप से कहा गया है।।४

केन वा पूजिता साऽऽदौ, द्वितीये केन वा पुरा?
तृतीये वा चतुर्थे वा, केन वा सर्व-पूजिता?।।५।।

प्राचीन-काल में पहली बार किसने उसकी पूजा की थी, फिर दूसरी बार, तीसरी और चौथी बार किसने उस सबसे पूजित भगवती का पूजन किया था?।।५

।।श्रीनारायण उवाच।।

अर्थं षोडश-नाम्नां च, विष्णुर्वेदे चकार सः।
पुनः पृच्छसि ज्ञात्वा च, कथयामि यथाऽऽगमम्।।६।।

श्रीनारायण ने कहा–सोलह नामों का अर्थ विष्णु ने वेद में किया है। फिर पूछते हो, तो आगम-रूप में जानकर कहता हूँ।।६

षोडश नामों का अर्थ

दुर्गे दैत्य-महा-विघ्ने, भव-वद्-दुर्ग-कर्मणि।
शोके दु:खे च नरके, यम-दण्डे च जन्मनि।।७।।
महा-भयेऽति-रोगे वै, चाशब्दो हन्तृ-वाचक:।
एतान् हन्त्येव या देवी, सा दुर्गा परि-कीर्तिता।।८।।

दुर्ग राक्षस, महान विघ्न, संसार जैसे कठिन कर्म, शोक, दु:ख, नरक, मृत्यु-दण्ड, महान् भय, असाध्य बीमारी और विनाश-सूचक अवैदिक कर्म-इनको जो देवी नष्ट करती है, वह '**दुर्गा**' के नाम से प्रसिद्ध है।।७-८

यशसा तेजसा रूपैर्नारायण-समा गुणै:।
शक्तिर्नारायणस्येयं, तेन नारायणी स्मृता।।९।।

यश, तेज, रूप और गुणों से नारायण के समान ही यह नारायण की शक्ति है। अत: इसे '**नारायणी**' कहा गया है।।९

ईशान: सर्व-सिद्धार्थश्चाशब्दो दातृ-वाचक:।
प्रिये दातरि चाशब्द:, शिवा तेन प्रकीर्तिता।।१०।।

'**ईशान**'—शब्द सभी अभीष्टों का वाचक है और '**आ**'—शब्द का प्रयोग देने के अर्थ में होता है। अत: प्रिय वस्तु को देनेवाली है, इससे **शिवा**—'**ईशाना**' कही गई हैं।।१०

सद्-बुद्ध्यधिष्ठातृ-देवी, विद्यमाना युगे युगे।
सृष्टा माया पुरा सृष्टा, विष्णुना परमात्मना।।११।।
मोहितं च यया विश्वं, विष्णु-माया च कीर्तिता।
शिवा कल्याण-रूपा च, शिवदा च शिव-प्रिया।।१२।।

सद्-बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी प्रत्येक युग में रहती हैं। परमात्मा विष्णु ने माया से भी पहले उसकी सृष्टि की। विश्व को मोहित करने के कारण '**विष्णु-माया**' कही गईं। कल्याण-रूपिणी, कल्याण-दायिनी और शिव की प्रियतमा होने से वह '**शिवा**' हैं।।११-१२

प्रिये दातरि चाशब्द:, शिवा तेन प्रकीर्तिता।
पति-व्रता सुशीला या, सा सती परि-कीर्तिता।।१३।।

प्रिय वस्तु देनेवाली अर्थात् '**शिवा**' हैं। वह पति-व्रता और सुशीला होने से '**सती**'—नाम से प्रसिद्ध हैं।।१३

यथा नित्यो हि भगवान्, नित्या भगवती तथा।
स्व-मायया तिरोभूता, तत्रेशे प्राकृते लये।।१४।।

जैसे भगवान् नित्य हैं, वैसे ही भगवती '**नित्या**' हैं, जो अपनी माया से प्राकृत लय में छिपी रहती हैं।।१४

आब्रह्म-स्तम्ब-पर्यन्तं, सर्वं मिथ्यैव कृत्रिमम्।
दुर्गा सत्य-स्वरूपा सा, प्रकृतिर्भगवान् यथा।।१५।।

ब्रह्म से लेकर समस्त सृष्टि बनावटी और मिथ्या ही है, केवल दुर्गा सत्य-स्वरूपा प्रकृति है, जैसे कि स्वयं भगवान्। अत: वह 'सत्या' है।।१५

सिद्धैश्वर्यादिकं सर्वं, यस्यामस्ति युगे युगे।
सिद्धादिके भगो ज्ञेयस्तेन भगवती स्मृता।।१६।।

सिद्धि आदि सभी ऐश्वर्य जिसमें प्रत्येक युग में विद्यमान रहे हैं, वह–ऐश्वर्य का नाम 'भग' होने से–'भगवती' कही जाती हैं।।१६

सर्वान् मोक्षं प्रापयति, जन्म-मृत्यु-जरादिकम्।
चराचरांश्च स्व-स्थानं, शर्वाणी तेन कीर्तिता।।१७।।

चर-अचर सभी प्राणियों को वही जन्म-मृत्यु-जरा आदि और मोक्ष प्रदान करती हैं। इससे 'शर्वाणी'–नाम से प्रसिद्ध हैं।।१७

मङ्गलं मोक्ष-वचनं, चाशब्दो दातृ-वाचक:।
सर्वान् मोक्षाय ददति, सा एव सर्व-मङ्गला।।१८।।

'मङ्गल' का अर्थ है मोक्ष और 'आ'-कार देने के अर्थ में है। सबको मोक्ष देती हैं, इस प्रकार वह देवी 'सर्व-मङ्गला' हैं।।१८

हर्षे सम्पत्ति -कल्याणे, मङ्गलं परि- कीर्तितम्।
तान् ददाति च सा देवी, सा एव सर्व-मङ्गला।।१९।।

हर्ष, सम्पत्ति और कल्याण को 'मङ्गल' कहा गया है। उन सबको वह देवी प्रदान करती हैं। अत: वह 'सर्व-मङ्गला' हैं।।१९

अम्बेति मातृ - वचना, वन्दने पूजनेऽपि च।
पूजिता वन्दिता माता, जगतां तेन साऽम्बिका।।२०।।

'अम्बा!' इस माता-बोधक शब्द से उस जगन्माता की पूजा और वन्दना की जाती है। अत: वह 'अम्बिका' कहलाती हैं।।२०

विष्णु-भक्तिर्विष्णु-रूपा, विष्णो: शक्ति-स्वरूपिणी।
सृष्टौ च विष्णुना सृष्टा, वैष्णवी तेन कीर्तिता।।२१।।

विष्णु की भक्ति, विष्णु की शक्ति और स्वयं विष्णु का रूप वही है। सृष्टि में विष्णु ने उसकी रचना की अत: वह 'वैष्णवी' के नाम से प्रसिद्ध हुई।।२१

गौर-पीते च निर्लिप्ते, परे ब्रह्मणि निर्मले।
तस्यात्मनः शक्तिरियं, गौरीति तेन कीर्तिता।।२२।।
गुरुः शम्भुश्च सर्वेषां, तस्य शक्तिः प्रिया सती।
गुरुः कृष्णश्च तन्माया, गौरीति तेन कीर्तिता।।२३।।

गौर-पीत से निर्लिप्त जो निर्मल **पर-ब्रह्म** है, उसकी आत्म-भूता शक्ति यही हैं। अतः '**गौरी**' कही जाती हैं। सबके गुरु **शम्भु** हैं, उनकी प्रिय शक्ति **सती** हैं। **कृष्ण** गुरु हैं, उनकी माया होने से '**गौरी**'-नाम से प्रसिद्ध हैं।।२२-२३

तिथि-भेदे कल्प-भेदे, सर्व-वेद-प्रभेदके।
तद्वातौ तेषु विख्याता, पार्वती तेन कीर्तिता।।२४।।

तिथि-भेद में, कल्प-भेद में, सर्व-वेदों के प्रभेदों में उन सबमें विख्यात होने से वह '**पार्वती**' कही जाती हैं।।२४

पर्वतस्य सुता देवी, साऽऽविर्भूता च पर्वते।
पर्वताधिष्ठातृ-देवी, पार्वती तेन कीर्तिता।।२५।।

देवी पर्वत की पुत्री के रूप में पर्वत पर आविर्भूत हुईं। वह **पर्वतों की अधिष्ठातृ देवी** हैं, अतः '**पार्वती**'-नाम से प्रसिद्ध हैं।।२५

सर्व-काले सना प्रोक्ता, विद्यमाना सनातनी।
सर्वत्र सर्व-काले सा, विद्यमाना सनातनी।।२६।।

'**सना**' अर्थात् सभी कालों में रहनेवाली हैं, अतः '**सनातनी**' हैं। सब जगह, सब समयों में वर्तमान रहने से वह '**सनातनी**' हैं।।२६

षोडश नामों की पूजा की परम्परा

अर्थः षोडश-नाम्नां च, कीर्तितश्च महा-मुने!।
यथाऽऽगमं च वेदोक्तमाख्यानं च निशामय।।२७।।

हे **महा-मुनि!** सोलह नामों के ये अर्थ कहे गए। जैसा कि **आगम** में और **वेदों** में कहा, अब उसे सुनो।।२७

प्रथमे पूजिता सा च, कृष्णेन परमात्मना।
वृन्दावने च सृष्ट्यादौ, गो-लोके रास-मण्डले।।२८।।

पहले **परमात्मा कृष्ण** ने उसकी पूजा **वृन्दावन** में की और सृष्टि के आदि में गो-लोक के **रास-मण्डल** में की।।२८

मधु-कैटभ-भीतेन, ब्रह्मणा सा द्वितीयके।

त्रिपुर-प्रेरितेनैव, तृतीये त्रिपुरारिणा।।२९।।

दूसरी बार **ब्रह्मा** ने **मधु** और **कैटभ** नामक राक्षसों से भय-भीत होकर उसकी पूजा की। तीसरी बार **त्रिपुरारी भगवान् शङ्कर** ने **त्रिपुर** नामक **राक्षस** के नाश के लिए उसकी पूजा की।।२९

भ्रष्ट-श्रिया महेन्द्रेण, शापाद् दुर्वाससः पुरा।

चतुर्थे पूजिता देवी, भक्त्या भगवती सती।।३०।।

प्राचीन काल में **दुर्वासा ऋषि** के शाप से श्री-हीन होकर **देव-राज इन्द्र** ने भक्ति-पूर्वक **भगवती सती** देवी की चौथी बार पूजा की।।३०

तदा मुनीन्द्रैः सिद्धेन्द्रैर्मनुना नरैः।

पूजिता सर्व-विश्वेषु, बभूव सर्वतः सदा।।३१।।

इसके बाद **मुनियों, सिद्धों** और **मनुष्यों** के द्वारा सारे संसार में सभी ओर वह सदैव पूजी जाने लगीं।।३१

तेजस्सु सर्व-देवानां, साऽऽविर्भूता पुरा मुने!।

सर्वे देवा ददुस्तस्यै, शस्त्राणि भूषणानि च।।३२।।

हे मुनि! प्राचीन काल में वह **सभी देवताओं के तेज से उत्पन्न** हुईं। देवताओं ने उन्हें शस्त्र और आभूषण प्रदान किए।।३२

दुर्गादयश्च दैयाश्च, निहता गदया तया।

दत्तं स्व-राज्यं देवेभ्यो, वरं च यदभीप्सितम्।

कल्पान्तरे पूजिता सा, सुरथेन महात्मना।।३३।।

दुर्ग आदि राक्षसों का उसने अपनी गदा से नाश किया। **देवताओं** को **स्व-राज्य** और उनके **अभीष्ट वर** को दिया। दूसरे कल्प में **महात्मा सुरथ** ने उनकी पूजा की।।३३

।। ब्रह्म-वैवर्त-पुराणे श्रीदुर्गा-षोडश-नाम-स्तोत्रम्।।

***

श्रीदुर्गा महिम्न-स्तोत्रम्

।।श्री चन्द्रचूड़ उवाच।।

त्वमन्तस्त्वं पश्चात् त्वमसि पुरतस्त्वं च परत–
स्त्वमूर्ध्वं त्वं चाधस्त्वमसि खलु लोकान्तर-चरी।
त्वमिन्द्रस्त्वं चन्द्रस्त्वमसि निगमानामुपनिषत्,
तवाऽहं दासोऽस्मि त्रिपुर-हर-रामे! कुरु कृपाम्।।१।।

श्री चन्द्रचूड़ बोले–हे रामे (भगवति)! तुम्हीं अन्दर हो, तुम्हीं आगे हो, तुम्हीं पीछे हो। तुम्हीं ऊपर हो, तुम्हीं नीचे भी हो। तुम्हीं सब ओर व्याप्त हो। तुम्हीं इन्द्र हो, चन्द्र भी तुम्हीं हो। तुम्हीं **निगम (बेद)** हो, तुम्हीं आगम (तन्त्र) हो। तुम्हीं उपनिषद् (ब्रह्म के समीप रहनेवाली) हो। हे **त्रिपुर-नाशिनि**! मैं आपका दास हूँ, मुझ पर कृपा करें।।१।।

इयान् कालः सृष्टेः प्रभृति बहु-कष्टेन गमितो,
बिना यत् त्वत्-सेवां करुण-रस-कल्लोलिनि, शिवे!।
तदेतद् दौर्भाग्यं मम विषय-तृष्णाख्य-रिपुणा,
हतः शुद्धानन्दं स्पृशामि तव सिद्धेश्वरि! पदम्।।२।।

जब से मेरा जन्म हुआ, तब से मैंने बहुत कष्ट सहे। **हे करुण-रस-सरिते शिवे**! बिना तुम्हारी सेवा किए, मैं विषय-तृष्णा-रूपी शत्रु के द्वारा मर्माहत हो गया, यह मेरा दुर्भाग्य ही है। अतः **हे सिद्धेश्वरि माँ**! मैं आपके पैर छूता हूँ।।२।।

सुधा - धारा - वृष्टेस्तव जननि! दृष्टेर्विषयताम्,
वयं यामो दामोदर-भगिनि! भाग्येन फलितम्।
इदानीं भूतानां ध्रुवमुपरि भूतः पर - मुदा,
न वाञ्छामो मोक्षं विपिन-पथि कक्षं जरदिव।।३।।

हे अमृत की वर्षा करनेवाली माँ! जब से मैं आपकी दृष्टि का विषय हो गया, तब से **हे दामोदर भगवान् की भगिनि**! मेरा भाग्य फलीभूत हो गया। अब तो **हे प्राणियों पर प्रसन्नता प्रकट करनेवाली जननि**! निश्चय ही मुझे मोक्ष नहीं चाहिए, केवल इस अवस्था में जङ्गल का रास्ता ही चाहिए।।३।।

जपादौ नो सक्ता हर - गृहिणि! भक्ताः करुणया,
भवत्या होमत्या कति-कति न भावेन गमिताः।
निदानन्दाकारं भव - जलधि-पारं निज-पदम्,
न ते मातुर्गर्भे जननि! तव गर्भे यदि गताः।।४।।

हे सदा-शिव की गृहिणी ! मैं न जप में आसक्त हुआ और न भक्ति ही की। न यज्ञादि करके विशेष भावों को ही प्राप्त किया। **हे चैतन्य-स्वरूपे !** तुम्हारे चरण संसार-सागर से पार करनेवाले हैं। जो आपकी शरण में आता है, वह फिर माता के गर्भ में नहीं जाता।।४।।

चिदेवेदं सर्वं श्रुतिरिति भवत्या: स्तुति - कथा,
प्रियं भात्यस्तीति त्रि-विधमपि रूपं तव शिवे!।
अणुर्दीर्घं ह्रस्वं महदजरमन्तादि - रहितम्,
त्वमेवं ब्रह्मासि त्वदपरमुदारं न गिरिजे!।।५।।

हे माँ ! वेदों में आपकी ही स्तुति और कथाओं का गान किया गया है। **हे शिवे !** आपका रूप त्रिविध रूप में दिखाई पड़ता है। तुम अणु से भी छोटी और बड़ी से भी बड़ी, आदि और अन्त से रहित हो। **हे गिरिजे !** तुम्हीं ब्रह्म हो, तुमसे बढ़ कर और कोई उदार नहीं है।।५।।

त्वयाऽन्तर्यामिन्या भगवति! वशिन्यादि - सहिते,
विधीयन्ते भावा मनसि जगतामित्युपनिषत्।
अहं कर्त्तेत्यन्तर्विशतु मम बुद्धि: कथमुमे!,
सुबुद्धिस्त्वद्-भक्तौ न भवति कुबुद्धि: क्वचिदपि।।६।।

मेरे अन्तर में रहनेवाली **हे भगवति !** मेरी बुद्धि में **'मैं कर्त्ता हूँ'** यह कुबुद्धि बस गई है, लेकिन तुम्हारी भक्ति से **सुबुद्धि** होती है, इसका ज्ञान कभी भी नहीं होता अर्थात् **हे माँ !** तुम्हारे चरणों की कृपा से सब प्राणियों में सद्-**बुद्धि** उत्पन्न होती है, यह भाव मेरे हृदय में हो।।६।।

न मन्त्रं तन्त्रं वा किमपि खलु विद्यो गिरि-सुते!,
क्व यामः, किं कुर्मस्तव चरण-सेवा न रचिता।
अये मात:! प्रात: - प्रभृति दिवसास्तावधि वयम्,
कुबुद्ध्याहङ्कार्ये शिव शिव न यामो निज-वय:।।७।।

हे गिरि-कन्यके ! मैं न मन्त्र जानता हूँ, न तन्त्र। मुझे कुछ भी ज्ञान नहीं है। कहाँ जाऊँ, क्या करूँ? तुम्हारे **चरणों की सेवा** मैंने नहीं की। **हे मात: !** प्रात: से लेकर पूरा दिन **कु-बुद्धि** से हम **अहङ्कार** में ही बिताते हैं, अपना जीवन **कल्याण-कारी आपकी भक्ति** में नहीं व्यतीत करते।।७।।

इहामुष्मिन् लोके ह्यपि न विषये प्रेम-कर वै,
न मे वैरी कश्चिद् भगवति!, भवानि! त्रि-भुवने।
गुणाम्नामाधारं निगम - गण - सारं तव पदम्,
मनो वारं वारं जपति च विनोदं च भजते।।८।।

इस संसार में विषय से प्रेम करनेवाले, न मेरे कोई वैरी हैं, न प्रेमी। हे **भगवति**!, **त्रिभुवन-स्वरूपे भवानी**! सम्पूर्ण गुणों का आधार-वेद और **तन्त्र** का सार तो **आपका चरण** है, जिसे मेरा मन बारम्बार स्मरण करता रहता है और आनन्द को प्राप्त करता है।।८।।

महा - माये! काये मम भवति यादृक् खलु मनो,
मनस्ते संख्याने नहि भवति तादृक् कथमुमे ?
त्वमेवान्तर्मातर्निगमयसि बुद्धिं त्रि - जगताम्,
न जाने श्री-जानेरपि न विदितस्तेऽत्र महिमा।।९।।

हे महा-माये! मेरे शरीर में जिस प्रकार का मेरा **मन** है, इसकी गति की गणना करने में **हे उमे!** मैं समर्थ नहीं हूँ। **हे भगवति!** तुम्हीं तीनों लोकों के **अन्तर्मन** में स्थित होकर सभी की बुद्धि को नियन्त्रित करती हो। मैं जानकर भी **हे जननि!** तुम्हारी महिमा को नहीं जानता।।९।।

अमीषां वर्णानां ऋतु - करण-सम्पूर्ण - वयसाम्,
निकाम्यं काव्यानामुरसि समुदायं प्रकटितम्।
स्तनौ मेरू मत्वा स्थगितममृतोपाख्यमुभयम्,
दया-धाराधारं मम जननि! हारं तव भजे।।१०।।

सभी **वर्णों (अक्षरों), ऋतुओं, करण** और सम्पूर्ण जीवन के **काव्य-समुदायों** को आपने अपने हृदय से प्रकट किया है। **हे माँ!** आपके **दोनों स्तनों** को **मेरु पर्वत** और इनमें **अमृत** की स्थिति मानकर मैं आपकी **दया** और **अमृत की धारा** की कामना से आपका भजन करता हूँ।।१०।।

स्तन-द्वन्द्वं स्कन्द-द्विप-मुख-मुखे यत् स्नुत-मुखम्,
कदाचिन्मे मातर्वितरतु मुखे स्तन्य - कणिकाम्।
अनेनायं धन्यो जगदुपरि मान्योऽपि भवताम्,
कुपुत्रे सत्-पुत्रे न हि भवति मातुर्विषमता।।११।।

हे माँ! जिन **दोनों स्तनों** को आप **स्कन्द (कार्तिकेय)** और **द्विप-मुख (गणेश)** के मुख में पिलाती हैं, कभी उन्हीं स्तनों के दुग्ध के कुछ कण मेरे भी मुख में प्रदान करें। इससे **हे माँ!** मैं संसार में धन्य और मान्य हो जाऊँगा क्योंकि **कुपुत्र** और **सत्पुत्र** में **माता** के लिए भेद नहीं होता।।११।।

जगन्मूलं शूलं ह्यनुभवति कूलं कथमिदम्,
द्विधा कुर्वे सर्वेश्वरि! मम तु गर्वेण फलितम्।
पद - द्वन्द्वं द्वन्द्व-व्यतिकर-हरं द्वन्द्व - सुखदम्,
गुणारामे रामे कलय हृदि कामेश्वरि! सदा।।१२।।

संसार के मूल सुख और दु:ख का अनुभव कैसे होता है? यह दो प्रकार का अनुभव हे सर्वेश्वरि! केवल मेरे गर्व (अभिमान) का ही फल है। आपके युगल चरणों का वन्दन, सुख और दु:ख के द्वन्द्व को दूर करनेवाला तथा केवल सुख देनेवाला है। हे गुणों से परे, योगियों के चित्त में रमण (विहार) करनेवाली कामेश्वरि! सदा मेरे हृदय में निवास करो।।१२।।

अहो-रात्रं गात्रं समजनि न पात्रं मम मुदा,
धनायत्तं चित्तं तृणमपि तु निश्चिन्तमभवत्।
इदानीमानीता कथमपि भवानी हृदि मया,
स्थितं मन्ये धन्ये पथि कथमधन्येऽहमुचितः।।१३।।

हे मातः! मैं जब से पैदा हुआ, दिन-रात कभी प्रसन्न नहीं रहा। धन की तृष्णा से, चित्त में तृण-मात्र शान्ति नहीं हुई। हे भवानि! हृदय में आपके चिन्तन से मैं अपने को धन्य मानता हूँ। मैं कैसे कहूँ कि अब भी मैं दु:खी हूँ क्योंकि यह कहना अनुचित है।।१३।।

निराकारामारादधि हृदयमाराधित - वता,
मया मायातीताऽसित-सकल-कायापहतये।
अहं कोऽहं सोऽहं मतिरिति विमोहं हत-वति,
कृता हन्तानं तामुपनयति सन्तानक-वति।।१४।।

निराकार रूप में हृदय में आराधना की जानेवाली, हे माँ! माया-कृत अतीत के सम्पूर्ण कायिक दोषों को नष्ट करनेवाली! मैं कौन हूँ? मैं वही हूँ अर्थात् ब्रह्म हूँ—इस तत्त्व-ज्ञान का बोध कराकर मोह को नष्ट करनेवाली आप जगज्जननी हैं।।१४।।

त्वदंघ्रेरुद् - द्योतादरुण-किरण - श्रेणि - गमनात्
समुद्भूता ये ये जगति जयिनः शोण-मणयः।
त एते सर्वेषां शिरसि विदुषां भान्ति भुवने,
त्वदीयादन्यः को भवति जन-वन्द्योऽद्य गिरिजे!।।१५।।

आपके चरणों की लालिमा के किरण-जाल से उत्पन्न संसार में जो भी विशुद्ध मणियाँ हैं, वे आज संसार में सभी विद्वानों के शिर पर शोभायमान हैं अर्थात् आपके चरणों की कृपा-रूपी मणि प्राप्त कर संसार में विद्वान् लोग पूजित हैं। हे गिरिजे! आपकी कृपा के बिना संसार में भला कौन व्यक्ति वन्दनीय हो सकता है?।।१५।।

अकार्षीत् सोऽमर्षी भुवनमपरं गाधि - तनयः,
शशापान्यो लक्ष्मीमपि वदपरो ह्यर्णवमिति।

सपर्या-माहात्म्यं तव जननि! तादात्म्य-फलदम्,
कियद् वक्ष्ये यक्षेश्वर-किरण-दत्तं भगवति !।।१६।।

चन्द्र-वंश में उत्पन्न **विश्वामित्र** ने दूसरे संसार की रचना की, बाद में **लक्ष्मी** को शाप भी दिया। **हे माता!** यह आपकी सेवा की ही महिमा है। **हे भगवति!** कितना कहें, **यक्षेश्वर कुबेर** को अपनी कृपा की किरण प्रदान की। आपकी महिमा अपरम्पार है।।१६।।

अमी देवाः सेवां विदधति यतो मञ्चक-तया,
शिवोऽप्यच्छच्छाया - रचित - रुचिर - प्रच्छदतया।
कृतार्थी कर्तुं मां परम-शिव-वामाङ्क - निलया,
पर-ब्रह्म-स्फूर्तिस्तव जयति मूर्तिः स-करुणा।।१७।।

ये देवता भी आपके **आसन-शय्या की सेवा** करते हैं। **भगवान् शिव** भी अपनी कृपा-छाया से सुन्दर छाया प्रदान करते हैं। **हे परम शिव के वामाङ्ग में निवास करनेवाली भगवति!** मुझे कृतार्थ करने के लिए **परम ब्रह्म को चैतन्य-रूप स्फूर्ति देनेवाली** आपकी **करुणा-मयी मूर्ति** की जय हो।।१७।।

समुद्धर्तुं भक्तान् प्रभवति विहर्तुं जगदिदम्,
गतिं वायोर्बध्वा विनिमयति रूपं च नियमात्।
यदृच्छा यस्येच्छा न च भजन-विच्छेद-भयतो,
नमस्ते भक्ताय ध्रुव-भजन - सक्ताय गिरिजे!।।१८।।

हे माँ! भक्तों का उद्धार करने के लिए और उनके कष्टों को दूर करने के लिए आप संसार में अवतार लेती हैं तथा वायु की गति से अपने स्वरूप का स्वेच्छा से नियमन करती हैं। जिसकी जैसी इच्छा होती है, उस भक्त को उसी रूप से आप दर्शन देती हैं। **हे माँ गिरिजे!** मैं आपके **निरन्तर भजन** के लिए आपको प्रणाम करता हूँ।।१८।।

उमा माया माता कमल-नयना कृष्ण-भगिनी,
भवानी दुर्गा वा मतिरमर-लक्ष्मीति तरला।
महा - विद्या देवी प्रकृति-रज-जायेति जपताम्,
भवन्ति श्रीविद्ये तव जननि! नामानि निधयः।।१९।।

हे भगवति! उमा, माया, माता, कमल के समान नेत्रोंवाली, कृष्ण-भगिनी, भवानी, दुर्गा, मति, अमर-लक्ष्मी, तरला, महा-विद्या, देवी, ब्रह्माणी, श्री विद्या, वन-दुर्गा-ये आपके नाम परम कल्याणकारी हैं। मैं इन्हीं **पावन नामों का जप** करता रहूँ।।१९।।

दिशां पाला बाला हर- हरि-सरोजासन-मुखा—
स्त्वया दुर्गे! सर्वे कति-कति न भक्ता अधिकृताः।
स्वयं रक्ता भक्तावहमधिकृतो नाधिमगमम्,
सुखे वा दुःखे वा मम समतया यान्तु दिवसाः।।२०।।

दिक्-पालों के रूप में, ब्रह्मा, विष्णु और महेश के रूप में भी हे माँ दुर्गे! आप भला किस-किस रूप में भक्तों को नहीं अपनातीं अर्थात् हे जननि! इन विविध देवताओं के रूपों में शक्ति-स्वरूपा आप ही भक्तों का हित करती हैं। अधिक क्या, आप स्वयं भक्ति के वश में हैं। हे माँ! सुख और दुःख—दोनों समय मेरे दिन आपके ही स्मरण में व्यतीत हों।।२०।।

भवत्या भक्तानां यदि किमपि कश्चिद् विधि-कृते,
पुरो वा पश्चाद् वा कपट-दुरितेषां पर-वशः।
जनश्चेत् संन्यासादपि जपति नारायण-पदम्,
ततोऽप्येनं देवी-नयन-पथ-वीथीं गमयति।।२१।।

तुम्हारे भक्तों को भाग्य-वश यदि पूर्व-जन्म अथवा बाद के किसी अदृष्ट पाप के कारण कष्ट होता है, तो आप उस व्यक्ति की रक्षा करती हैं। हे वात्सल्य-मयि! यदि कोई व्यक्ति संन्यास लेकर 'नारायण' शब्द का भी जप करता है, तो हे नारायणि! वह भी आपकी कृपा-दृष्टि के सुपथ को प्राप्त कर देव-लोक को जाता है।।२१।।

क्रिया वा कर्त्ता वा करणमपि वा कर्म यदि वा,
प्रणीयन्ते चेष्टा जगति पुरुषैर्भाव-कलुषैः।
समर्प्य स्वात्मानं तव तु पदयोरिन्द्र-पदवीम्,
पदं वा तद्-विष्णोर्गणयति न भक्तोऽयमचलः।।२२।।

संसार का कोई कर्त्ता कुभाव से भी किसी कारण (पूजा) विधि (क्रिया) द्वारा यदि निष्काम-भाव से आपकी उपासना करता है, तो वह इन्द्र की पदवी प्राप्त करता है अथवा अविचल विष्णु-पद (वैकुण्ठ) लोक को जाता है।।२२।।

स्वयं माया - कार्याद्युदय-करणे कौतुक-वती,
शिवादीनां सर्ग-स्थिति-विलय-कर्माणि विभृषे।
अयं भक्तो नाम्ना भगवति! शुभः स्यात् तव यदा,
भवान्याः भक्तानामशुभमपरं तेऽपि न कृतम्।।२३।।

आप स्वयं अपनी कौतुक-माया से सृजन करती हैं तथा शिवादि देवता आपकी शक्ति के भय से ही संसार की उत्पत्ति, पालन और विनाश करते हैं। यह भक्त (चन्द्रचूड़) भी

केवल नाम-मात्र का भक्त है। इसका भी कल्याण हो। भला आपके भक्तों का कहीं अशुभ हो सकता है!।।२३।।

धरित्री ह्यम्भोधिस्त्वमपि दहनस्त्वं च पवन–
स्त्वमाकाशस्त्वं च ग्रसति पुरुषस्तेन सहितम्।
ग्रसन्ती ब्रह्माण्डं प्रकृतिरपि दासी पशुपते–
र्यदाऽऽसीत् संहारे जननि! तव संहार-महिमा।।२४।।

तुम्हीं **पृथ्वी** हो, **समुद्र** हो। तुम्हीं **अग्नि** हो, **वायु** हो, **आकाश** हो और तुम्हीं **काल-पुरुष** भी हो। **पशुपति शिव की सेविका** समस्त ब्रह्माण्ड को ग्रस लेनेवाली **प्रकृति** हो। हे माँ! **शिव** के द्वारा जो संहार होता है, उस संहार की महिमा आपकी ही है।।२४।।

स्फुरत् तारा-माल्यं ग्रह-निवह-नीराजन-विधि–
र्हविर्धूमो धूपो मलय-पवमानः परिमलः।
इदं ते नैवेद्यं विविध - रस-वेद्यं खलु सुखम्,
सपर्या-मर्यादा ध्रुवमियमुमे! ब्रह्म-निलये!।।२५।।

चमकता हुआ **तारा-मण्डल** आपकी माला है, **ग्रह-समूह** आपके नीराजन के लिए आरती-दीप हैं। यह बहता हुआ **सुगन्धि-पूर्ण समीर** आपके लिए धूप है। विविध सुख-कारी **छः रस** ही आपके नैवेद्य हैं। हे **ब्रह्म-लोक-निवासिनी उमे!** आपकी पूजा की यही विराट् मर्यादा है।।२५।।

नवाधारा-सृष्टिः स्फुटित - नवधा शब्द-रचना,
नवानां खेटानामुपरि नवधाऽप्यर्चित-पदे!।
नवानां संख्यानां प्रकृतिरग-राजन्य - तनये,
नव-द्वीपी देवी त्वमसि नव-चक्रेश्वरि शिवे!।।२६।।

आपके **नवार्ण-मन्त्र** के स्फुटित शब्द ही **सृष्टि-रचना के आधार** हैं। **नौ शब्दों** के द्वारा स्तवन की जानेवाली और **नौ प्रकार के रूपों में** पूजित होनेवाली, **नौ संख्या** की, नवों द्वीपों में पूजा की जानेवाली, **हे शिवे! नौ चक्रों की अधीश्वरी** तुम्हीं हो।।२६।।

यदा कृष्याकृष्या तपति भवदम्बा क्व नु गता,
बलात्कारादारादिति यम-भटे नाम विधया।
तदैवैनं दीनं स्पृशति वदने प्रश्रय - वती,
विधूयां वा धूर्तं गुहमपि धयन्तं भगवती।।२७।।

जब **ब्रह्मा** की प्रेरणा से **यम-दूत** द्वारा बल-पूर्वक खींचा गया यह दुःखी जीव कष्ट पाता है, तब **हे माँ!** आप कहाँ चली जाती हैं? दूध पीते हुए **कार्तिकेय** को छोड़कर **आश्रय-दायिनी भगवती** तभी इस दीन के मुख को स्पर्श करती हैं और मुक्ति प्रदान करती हैं।।२७।।

हविर्धाने गीतं श्रुति - सिरसि-निर्धारित - मितम्,
शिवस्यार्धाङ्गस्थं परम - महदद्धाममनः।
यदा च क्षाणस्ते चरण-तल-लाक्षा-रस-जलै-
र्मुखं प्रक्षाल्यायं गणयति न लक्षाणि कृतिनाम्।।२८।।

हवन के समय वेदों में **स्वाहा**-शब्द से उच्चारित की जानेवाली, **शिव के अर्द्धाङ्ग में रहनेवाली** आपका निवास **परम धाम** है। **हे माँ!** यदि आपके **अलक्तक लगे हुए चरण** की एक बूँद भी मेरे मुख में पड़ जाए, तो करोड़ों किए हुए पाप तत्क्षण नष्ट हो जाएँ और मैं आपका भाग्य-शाली भक्त बन जाऊँ।।२८।।

गुरूणां सर्वेषामयमुपरि विद्या - गुरुरभून्,
मनूनां सर्वेषामयमुपरि जातो भुव-मनुः।
कलानां सर्वासामिथमुपरि लक्ष्मीः पर - कला-
महिम्नां सर्वेषामयमुपरि जागर्ति महिमा।।२९।।

हे माँ! फिर तो मैं **सभी गुरुओं का गुरु—श्रीविद्या का गुरु** हो जाऊँगा। संसार के सभी मानवों से ऊपर मानव बन जाऊँगा। सभी कलाओं में **श्रेष्ठ लक्ष्मी-कला** से युक्त श्रीमान् बन जाऊँगा तथा महिमा-शालियों से भी ऊपर महिमा-युक्त बन जाऊँगा।।२९।।

यदाऽऽलापादापादित-विविध-विद्या-परिणतिः,
करे कृत्वा मोक्षं व्यवहरति लोकं प्रभुतया।
प्रणादेवाशा ये प्रभवति दुरापे च पुरुष-
स्तदेतन्माहात्म्यं विरल-जन-सात्म्यं तव शिवे!।।३०।।

अधिक आलाप करने से क्या! विविध विद्याओं का परिणाम यही है कि **भोग** और **मोक्ष**—ये दोनों हाथों में आपके भक्तों को प्राप्त हैं। **देवताओं को भी शरण देनेवाली माँ!** कठिनता से प्राप्त होनेवाली **हे शिवे!** बहुत ही कम लोग आपको प्राप्त कर पाते हैं—यही आपकी महिमा है।।३०।।

याभिः शङ्कर- काल-कृत्य-दहन-ज्वाला-समुत्सारणम्,
याभिः शुम्भ-निशुम्भ-दर्प-दलनं याभिः जगन्मोहनम्।
याभिः भैरव-भीम-रूप-दलनं सद्यः कृतं मेऽन्वहम्,
दारिद्र्यं दलयन्तु तास्तव दृशो दुर्गे! दया-मेदुराः।।३१।।

जिनके द्वारा शङ्कर के **संहार-कर्म की अग्नि-ज्वाला** निकलती है, जिनके द्वारा **शुम्भ-निशुम्भ** के **अहङ्कार का नाश** होता है, जिनके द्वारा **संसार का मोहन** होता है, जिनके द्वारा **भयङ्कर भयानक रूप का तत्काल दमन** होता है, वे आपके **दया-पूर्ण नेत्र** मेरे दुःख-दारिद्र्य को नष्ट करें।।३१।।

याभिः दुर्गतया कु-शासन पुनः स्वाराज्य-दानं कृतम्,
याभिः भारत-संसदि द्रुपदजा-लज्जा जवाद् रक्षिता।
याभिः कृष्ण-गृहीत-हस्त-कमलैस्त्राणं कृतं मेऽन्वहम्,
दारिद्र्यं दलयन्तु तास्तव दृशो दुर्गे! दया-मेदुराः।।३२।।

जिनके द्वारा **दुर्ग का नाश** कर देवों को पुनः **स्वर्ग का राज्य** दिया गया, जिनके द्वारा भारत की सभा में **द्रौपदी की लज्जा** की तुरन्त रक्षा की गई, जिनके द्वारा **कृष्ण के कर-कमलों** ने **रक्षा-कार्य** किया, वे आपके **दया-पूर्ण नेत्र** मेरे **दुःख-दारिद्र्य** को नष्ट करें।।३२।।

याभिः विष्णु-कृते कृतं कुरु-कुल-प्रध्वंसन सङ्गरे,
प्राद्युम्नेर्हृदि मुद्गरस्य कुसुम-स्रग् याभिराकल्पिता।
कंसाद्याभिरपि व्यधायि वसुधा गोपाय गो-पालनम्,
दारिद्र्यं दलयन्तु तास्तव दृशो दुर्गे! दया-मेदुराः।।३३।।

जिनके द्वारा युद्ध में **कौरव-वंश** का नाश **विष्णु** ने किया, जिनके द्वारा **प्रद्युम्न** के हृदय में **मुद्गर** के स्थान में **पुष्प-माला** की रचना हुई, जिनके द्वारा **कंसादि का वध** होकर ग्वालों के लिए गो-पालन हेतु पृथ्वी सुरक्षित हुई, वे आपके **दया-पूर्ण नेत्र** मेरे **दुःख-दारिद्र्य** को नष्ट करें।।३३।।

याभिः स्थावर-जङ्गमं कृतमिदं याभिः सदा पालितम्,
याभिः भासितमाक्रमेण च पुनः याभिः सदा संहृतम्।
याभिः दुःख-महाम्भसो भव-महा-सिन्धोर्न के तारिता,
दारिद्र्यं दलयन्तु तास्तव दृशो दुर्गे! दया-मेदुराः।।३४।।

जिनके द्वारा इस **स्थावर-जङ्गम की सृष्टि** होती है और जिनके द्वारा इन सबका सदा पालन होता है, जिनके द्वारा पुनः इनका संहार होता है, जिनके द्वारा **संसार-रूपी महा-सागर के दुःख-पारावार से सबकी रक्षा** होती है, वे आपके **दया-पूर्ण नेत्र** मेरे **दुःख-दारिद्र्य** को नष्ट करें।।३४।।

।। ॐ जगदम्बार्पणामस्तु।।

श्री दुर्गाष्टक-स्तोत्रम्

प्रणम्य विबुधा दुर्गां, ब्रह्म-विष्णु-शिवादयः।
संहृष्टाश्चास्तुवन् भक्त्या, परां तां त्रिपुरा-कलाम्।।१।।

नमो नमस्ते जगतां विधात्रि!,
संहर्त्रि! सर्वान्तर-सत्य-रूपे!
प्रपन्न - लोकाघ - विनाश - हेतु,
दयाम्बु-राशे! परिपाहि दुर्गे!।।२।।

महा-भयाद् दानव-राज-रूपात्,
त्वया समस्तं जगदेतदद्य।
त्रातं यथा क्रूर-महाहि-ग्रस्त,
भेकं तथाऽस्मान् परिपाहि दुर्गे!।।३।।

यदा वयं दुर्विपदाऽऽपदोघैः,
ग्रस्तास्तदा त्वं जगतां विधात्रो।
लीला-वपुः प्राप्य विमृष्ट-मात्रा,
विपन्निमग्नान् परिपाहि दुर्गे!।।४।।

यत् तेऽखिलं लोक-वितानमेतत्,
तनोः कलांश-प्रविभक्त-संस्थम्।
तदन्तरे दर्शयसि स्वरूपम्,
माया तवैतत् परिपाहि दुर्गे!।।५।।

मायात्मिका त्वं निज-निर्मलेऽम्ब!
यतो जगच्चित्रमुदीर्यसेऽङ्गे।
विचित्र-रूपाऽपि चिदेक-रूपा,
अविभाव्य-शक्तिः परिपाहि दुर्गे!।।६।।

यत् ते पदाब्जैक-समाश्रयास्ते,
विचित्र-कृत्या विधि-विष्णु-मुख्याः।
तत् ते विचित्राकृतिरत्र का स्यात्,
स्तुमः कथं त्वां परिपाहि दुर्गे!।।७।।

दुर्गेषु नित्यं भव-सङ्कटेषु,
दुरन्त-चिन्ता हि निगीर्यमाणान्।
शरण्य-हीनान् शरणागतार्ति–
निवारिणी त्वं परिपाहि दुर्गे!।।८।।

***

श्री दुर्गोपनिषत् (अथर्वशीर्ष)

ॐ सर्वे वै देवा देवीमुपतस्थुः—'काऽसि त्वं महा-देवि?'

साऽब्रवीत्—'अहं ब्रह्म-स्वरूपिणी। मत्तः प्रकृति-पुरुषात्मकं जगत्। शून्यं चाशून्यं च। अहमानन्दाऽनानन्दौ। अहं विज्ञानाविज्ञाने। अहं ब्रह्मा-ब्रह्मणी (द्वे ब्रह्मणी) वेदितव्ये।।१।।

'अहं पञ्च-भूतान्यहं पञ्च-तन्मात्राणि। अहमखिलं जगत्। वेदोऽहमवेदोऽहम्। विद्याऽहमविद्याऽहम्। अजाऽहमनजाऽहम्। अधश्चोर्ध्वं तिर्यक् चाहम्। अहं रुद्रैर्वसुभिश्चरामि। अहमादित्यैरुत विश्वे-देवैः। अहं मित्रा-वरुणावुभौ बिभर्मि। अहमिन्द्राग्नी अहमश्विनावुभौ। अहं सोमं त्वष्टारं पूषणं भगं दधामि। अहं विष्णुमुरु-क्रमं ब्रह्माणमुत प्राजापत्यं दधामि। अहं दधामि द्रविणं हविष्मते सु-प्रजाय यजमानाय सुन्वते। अहं राष्ट्री-सङ्गमनी वसूनां चिकीतुषी प्रथमा यज्ञियानाम्। अहं सुवे पितरमस्य मूर्धन् मम योनिरप्स्वन्तः समुद्रे। य एवं वेद, स दैवीं सम्पदमाप्नोति।'

ते देवा अब्रुवन्—नमो देव्यै महा-देव्यै, शिवायै सततं नमः। नमः प्रकृत्यै भद्रायै, नियताः प्रणताः स्म ताम्।।२।।

तामग्नि-वर्णां, तपसा ज्वलन्तीं, वैरोचनीं कर्म-फलेषु जुष्टाम्। दुर्गां देवीं शरणमहं प्रपद्ये। असुरान्नाशयित्र्यै ते नमः।।३।।

देवीं वाचमजनयन्त देवास्तां विश्व-रूपाः पशवो वदन्ति। सा नो मन्द्रेषमूर्जं दुहाना धेनुर्वागस्मानुप-सुष्टुतैतु। काल-रात्रिं ब्रह्म-स्तुतां वैष्णवीं स्कन्द-मातरम्। सरस्वतीमदितिं दक्ष-दुहितरं नमामः पावनां शिवाम्। महा-लक्ष्म्यै च विद्महे सर्व-शक्त्यै च धीमहि, तन्नो देवी प्रचोदयात्। अदितिर्ह्यजनिष्ट दक्ष! या दुहिता तव, तां देवा अन्वजायन्त भद्रा अमृत-बन्धवः। कामो योनिः कमला वज्र-पाणिर्गुहा हस्ता मातलिश्चायमिन्द्रः। पुनर्गुहा सकला मायया चापृथक् त्वेषा विश्व-माताऽति-विद्या।। एषाऽऽत्म-शक्तिः, एषा विश्व-मोहिनी। पाशांकुश-धनुर्वाण-धरा। एषा श्रीमहा-विद्या। य एवं वेद, स शोकं तरति। नमस्ते भगवति! मातरस्मान् पाहि सर्वतः। सैषाऽष्टौ वसवः सैषैकादश-रुद्राः। सैषा द्वादशादित्याः। सैषा विश्वे-देवाः, सोमपा असोमपाश्च। सैषा यातुधाना, असुरा, रक्षांसि, पिशाचा, यक्षाः, सिद्धाः। सैषा सत्त्व-रजस्तमांसि। सैषा ब्रह्म-विष्णु-रुद्र-रूपिणी। सैषा प्रजापतीन्द्र-मनवः। सैषा ग्रह-नक्षत्र-ज्योतींषि। कला-काष्ठादि-काम-रूपिणी। तामहं प्रणौमि नित्यं। पापाप-हारिणीं देवीं भुक्ति-मुक्तिं-फल-प्रदाम्। अनन्तां विजयां शुद्धां शरण्यां शारदां शिवाम्।।४।।

वियदीकार-संयुक्तं, वीति-होत्र-समन्वितम्।
अर्धेन्दु-लसितं देव्या, वीजं सर्वार्थ-साधकम्॥५॥

एवमेकाक्षरं मन्त्रं, यतयः शुद्ध - चेतसः।
ध्यायन्ति परमानन्दं, मम ज्ञानाम्बु - राशयः॥६॥

वाङ् - माया-ब्रह्मभूस्तस्मात् षष्ठं वक्त्र-समन्वितम्।
सूर्योऽवाम - श्रोत्र-विन्दु-संयुक्तष्टात् तृतीयकः॥७॥

नारायणेन सम्मिश्रो, वायुश्चाधार-युक् ततः।
विच्चे नवार्णकोऽर्णः स्यात्, परमानन्द-दायकः॥८॥

हृत्-पुण्डरीक-मध्यस्थां, प्रातः-सूर्य-सम-प्रभाम्।
पाशांकुश - धरां सौम्यां, वरदाभय - हस्तकाम्॥९॥

त्रिनेत्रां रक्त - वसनां, भक्त-काम-दुघां भजे।
नमामि त्वां महा-देवीं, महा-भय-विनाशिनीम्॥१०॥

महा-दारिद्र्य-शमनीं, महा-कारुण्य-रूपिणीम्। यस्याः स्वरूपं ब्रह्माद्या न जानन्ति, तस्मादुच्यते अज्ञेया। यस्या अन्तो न लभ्यते, तस्मादुच्यते अनन्ता। यस्या गृहं नोपलक्ष्यते, तस्मादुच्यते अलक्ष्या। यस्या जननं नोपलभ्यते, तस्मादुच्यते अजा। एकैव सर्वत्र वर्त्तते, तस्मादुच्यते एका। एकैव विश्व-रूपिणी, तस्मादनेका। अनन्त-तपो-वाच्यज्ञेयाऽनन्ताऽलक्ष्या-ऽजैकाऽनेका। मन्त्राणां मातृका देवी, शब्दानां ज्ञान-रूपिणी। ज्ञानानां चिन्मयाऽतीता, शून्यानां शून्य-साक्षिणी। यस्याः पर-तरं नास्ति, सैषा दुर्गा प्रकीर्त्तिता। तां दुर्गां दुर्गमां देवीं, दुराचार-विघातिनीम्। नमामि भव-भीतोऽहं संसारार्णव-तारिणीम्।।११।।

य इदमथर्व-शिरसमोऽधीते, स पञ्चाथर्व-शीर्ष-फलमवाप्नोति। इदमथर्व-शीर्षमज्ञात्वा, योऽर्चां स्थापयति, शत-लक्षं प्रजप्त्वाऽथ नार्चा-सिद्धिं च विन्दति। शतमष्टोत्तरं चास्य, पुरश्चर्या-विधिः स्मृतः।।१२।।

दश-वारं पठेद् यस्तु, सद्यः पापैः प्रमुच्यते।
महा-दुर्गाणि तरति, महा-देव्याः प्रसादतः॥१३॥

सायमधीयानो दिवस-कृतं पापं नाशयति, प्रातरधीयानो रात्रि-कृतं पापं नाशयति। सायं-प्रातः प्रयुञ्जानोऽपापो भवति। निशीथे तुरीय-सन्ध्यायां जप्त्वा, वाक्-सिद्धिर्भवति। नूतनायां प्रतिमायां जप्त्वा, देवता-सान्निध्यं भवति। प्रतिष्ठायां प्राणानां प्रतिष्ठापयति। भौमाश्विन्यां महा-देवी-सन्निधौ जप्त्वा, महा-मृत्युं तरति। महा-मृत्युं तारयति, य एवं वेद।।१४।।

***

श्रीदुर्गा-सूक्तम्

जात-वेदसे सुनवाम सोम,
मरातीयतो निदहाति वेदः।
स नः पर्षदति दुर्गाणि विश्वा,
नावेव सिन्धुं दुरितात्यग्निः।।१।।
तामग्नि-वर्णां तपसा ज्वलन्तीम्,
वैरोचनीं कर्म-फलेषु जुष्टान्।
दुर्गां देवीं शरणमहं प्रपद्ये,
सुतरसि तरसे नमः।।२।।
अग्ने! त्वं पारयानव्यो अस्मान्,
स्वस्तिभिरति-दुर्गाणि विश्वा।
पूश्च पृथ्वी बहुला न ऊर्वी,
भवातोकाय तनयाय शंयोः।।३।।
विश्वानि नो दुर्गहा जात-वेदः,
सिन्धुं न नावा दुरितातिपर्षि।
अग्ने! अत्रि-वन्मनसा गृणानो,
अस्माकं बोध्यविता तनूनाम्।।४।।
पृतनाजितं सहमानमुग्र–
मग्निं हुवेम परमाथ्सधस्तात्।
स नः पर्यदति दुर्गाणि विश्वा,
क्षामद् देवो अति-दुरितात्यग्निः।।५।।
प्रत्नोषिक मीड्यो अध्वरेषु,
सनाच्च होता नव्यश्च सथ्सि।
स्वां चाग्रे तनुवं पिप्रयस्वा–
स्मभ्यं च सौभगमायजस्व।।६।।
गोष्ठीभिर्जूष्टमयुजो निषिक्तम्,
तवेन्द्र - विष्णोरनुसञ्चरेम।
नाकस्य पृष्ठमभि - संवसानो,
वैष्णवीं लोक इह मादयन्नाम्।।७।।

***

श्रीदुर्गा-नीराजनम्

जय देवि! जय देवि!, जय मातः त्रिपुरे!।
दासानुग्रह-कारिणि!, ईश्वरि! सुख-वरदे!।
जय देवि! जय देवि!, जय मातः त्रिपुरे!।

दुर्गे! दुर्गति-नाशिनि!, भव-सागर-तारे!।
मृगेन्द्र-वाहन-गिरिजे!, दानव-संहारे!।।
अष्टादश-भुज-मूर्तिः!, कण्ठ-रूढ-माले!।
सप्त-शृङ्ग-निवासनि!, रुद्रात्मक-शक्ते!।।
जय देवि! जय देवि!, जय मातः त्रिपुरे!।।१।।

बालार्कारुण-शोभित-बन्धूक-कुसुमाभे!।
कुंकुम-शोभित-देहे!, दाडिम-कुसुमाभे!।।
पादाहत - महिषासुर - देवासुर - सर्गे!।
नाना-दानव-मर्दिनि!, अलि-कुल-रिपु-वर्गे!।।
जय देवि! जय देवि!, जय मातः त्रिपुरे!।।२।।

जय त्रिपुरासुर-मर्द्दिनि!, मर्दय मम दोषान्।
तारय तारय मातः, भव-जल-कूपस्थान्।।
काम-क्रोधादीन् मम, मारय मारय देहस्थान्।
करुणा-द्रष्ट्या माता, रक्षय निज-भक्तान्।।
जय देवि! जय देवि!, जय मातः त्रिपुरे!।।३।।

मूले चाधिष्ठाने, मणिपूरे चक्रे।
हृदयेनाहत - चक्रे, षोडश - दल - पद्मे।।
आज्ञा-चक्रे बालय, बालय कृत-वलये।
ब्रह्म-स्थाने विहरसि, मातः शिव-सहिते।।
जय देवि! जय देवि!, जय मातः त्रिपुरे!।।४।।

विधि-हरि-शङ्कर-वन्द्ये!, पण्डित-जन-वन्द्ये!।
सनकादिक-मुनि-वन्द्ये!, यक्षासुर-वन्द्ये!।।
नारद-तुम्बरु-किन्नर-गीते!, सुर-वन्द्ये!।
अघ-नाशिनि! भव-शोषिणि!, मातः सुख-सहिते!।।
जय देवि! जय देवि!, जय मातः त्रिपुरे!।।५।।

***

मुम्बई-शाक्त-सम्मेलन (आठवाँ अधिवेशन)

संक्षिप्त विज्ञप्ति

परम पूज्य गुप्तावतार बाबाश्री की 'साधना'-भूमि मुम्बई

'मुम्बई-शाक्त-सम्मेलन' के आठवें अधिवेशन के मुख्य-अतिथि **श्री ऋतशील शर्मा जी** ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि–**'मुम्बई'** भारत की केवल **आर्थिक नगरी** ही नहीं है। **'मुम्बई'** की अधिष्ठात्री **भगवती महा-लक्ष्मी** अथवा **दसवीं महा-विद्या भगवती कमला** हैं। यह **मुमुक्षुओं की नगरी** भी है। यहाँ बहुत उच्च कोटि के महात्माओं ने साधनाएँ भी की हैं। हमारे **परम गुरु परम पूज्य गुप्तावतार बाबाश्री** की भी यह **'साधना'-भूमि** रही है।

'मन्त्रात्मक सप्तशती', **'सार्थ सौन्दर्य-लहरी'** आदि ग्रन्थों में **गुप्तावतार बाबाश्री** ने **मुम्बा देवी की सरल आराधना** के लिए स्पष्ट रूप से **'मुं'-वीजाय नमः षडारे-लिङ्गे** बताया है। अतएव हम सभी लोगों को **मुम्बई में मनो-बीज 'मुं'-वीज का ध्यान करते हुए संसार की सबसे बड़ी सम्पदा 'श्रेयत्व' को प्रदान करनेवाली भगवती महा-लक्ष्मी की आराधना** करनी चाहिए।

श्री ऋतशील शर्मा जी ने भाव-विभोर होकर यह रहस्योद्घाटन भी किया कि आज जिस भूमि पर **'मुम्बई'-शाक्त-सम्मेलन** सम्पन्न हो रहा है, वह भूमि अर्थात् **बोरीवली, मलाड**–हम सबके लिए **परम श्रद्धेय गुप्तावतार बाबाश्री मोतीलाल जी मेहता के 'मुम्बई'-प्रवास की प्रथम पड़ाव** थी। यहाँ **'बोरीवली'** में **२४ सितम्बर, १९२४** को **'मुम्बई'** पधार कर उन्होंने रात्रि में विश्राम किया और **२९ सितम्बर, १९२४** से **'मुम्बई' में पहली बार 'नवरात्र'** सम्पन्न करने के लिए वे विराजमान हुए थे।

'मुम्बई' में **बाबाश्री की पहली नवरात्र** का वर्णन करने के बाद **श्री ऋतशील शर्मा जी** ने **बाबाश्री** के उन बहु-उपयोगी उपदेशों की चर्चा की जो **'मुम्बई'** में रहकर उन्होंने दिए थे। उन्होंने बताया कि **'मुम्बई'** में **प्रपञ्च** के साथ **'सागर'** के दर्शन होते हैं। **'सागर'** में ऊँची-ऊँची फेरों में घुमाकर डुबोनेवाली भँवरों के दर्शन यहाँ के निवासियों को प्रायः होते हैं। इन्हीं **'भँवरों'** का उदाहरण देते हुए **बाबाश्री** कहते हैं–

प्रपञ्च अर्थात् **'भव-सागर'** में फेरों में घुमाकर डुबोनेवाली भँवर का वर्णन **भगवान् कृष्ण** ने **'गीता'** में इस प्रकार किया है–संसार में **'सङ्ग'** से **'काम'** (नाना प्रकार की इच्छाएँ आदि) उत्पन्न होता है। **'काम'** से **'क्रोध'** होता है। **'क्रोध'** से **'मोह'**, **'मोह'** से **'स्मृति-विभ्रम'** होता है और **'स्मृति-भ्रंश'** से **'बुद्धि-नाश'** होती है। **'बुद्धि-नाश'** से सब कुछ नष्ट हो जाता है।

इससे बचने के लिए यद्यपि **'गीता'** में स्पष्ट रूप से कुछ कहा नहीं गया है, फिर भी हमारे पास एक ही उपाय है अर्थात् **'सङ्ग'** से **'शक्ति'**–कुछ करने का भाव उत्पन्न करो। **'भाव'** से **'विज्ञान'** (रहस्य का दर्शन) प्राप्त करो और **'विज्ञान'** से **'श्रेय'** की प्राप्ति करो।

'मुम्बई'-वासियों को **'गीता'** के आधार पर **बाबाश्री** के उक्त महत्त्व-पूर्ण **'उपदेश'** को बताने के बाद **श्री ऋतशील शर्मा जी** ने **'मुम्बई'** में सन् १९४५ में **बाबाश्री** के द्वारा रचित तीन भजनों **१. 'देखा कहिं प्रभु को किसने'**, २. **'जय जगदम्ब जय जगदम्ब'** तथा ३. **'जीवन-सार न जाना मन तैं, जीवन-सार न जाना'** को अपने स्वर से बोलकर सुनाया।

–**'कुल-वाणी-रत्न' पं० महेन्द्र मिश्र**